CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

मुरादाबाद, रविवार 1 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## एक नजर

### हर्षोल्लास के साथ मनाया होली पर्व



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में होली के पर्व को बड़ी उमंग के साथ मनाया गया। सभी बच्चों व शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न तरह के विंड चाइम बनाकर पर्व की खुशियों में चार-चांद लगा दिए। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की महत्ता के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि यह पर्व हिंदूधर्म का एक प्रमुख त्यौहार है। यह फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और वसंत ऋतु की उमंगों का संदेश देता है। रंगों, अबीर-गुलाल, हंसी ठिठोली और आपसी मेल-मिलाप से सजा यह पर्व जीवन में उल्लास, उत्साह, भाईचारा, प्रेम और मिठास घोल देता है। होली बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। इस त्यौहार के साथ भक्त प्रहलाद व हिरण्य-कश्यप व बहन होलिका की पौराणिक कथाएं व सांस्कृतिक परंपराएं जुड़ी हुई है। हम सभी को भी इस पर्व की महत्ता को समझते हुए आपसी प्रेम व भाईचारे को अपनाना चाहिए। सभी बच्चों को त्यौहार की उमंग के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ प्रमोद, आयुष, अर्जुन, मनीष, अनु, नीलम, निधी, माधवी, पिंकी, सरिता, सुरभि, हेमा, गुनगुन, रिया, खुशबू, कसीफा, हुमैरा, तरू आदि सभी ने भी उपस्थित रहकर पर्व की उमंगता को और बढ़ा दिया।

### स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद में निदेशालय द्वारा प्रदत्त आदेशानुसार नगर पालिका परिषद के निरंतर दिशा निर्देश में आईईसी ट्रेनिंग पार्टर एनजीओ स्पेस सोसाइटी द्वारा घर-घर जाकर स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के लिए सघन जनजागरूकता अभियान करवाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी ने बताया कि सोर्स सेग्रीगेशन कचरा प्रबंधन की दिशा में एक पहला कदम है। स्पेस सोसाइटी के निदेशक (परियोजना) मदन भारती के मार्गदर्शन में नजीबाबाद में एनजीओ स्पेस सोसाइटी के द्वारा तरह-तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ने जानकारी देते हुए कहा कि एनजीओ पार्टनर की टीम द्वारा प्रशिक्षण के कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इससे शहर में बहुत सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहे हैं। जिनमें स्थानीय नागरिक बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। आज वार्ड नम्बर 3, 4 तथा 9 में स्वच्छ वातावरण मौहल्ला समितियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड के नागरिकों, सफाई नायक राजेश शकुंतला देवी तथा अरुण द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

### प्रभाग दिवस का आयोजन




**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व कालागढ़ रेंज व झिरना रेंज के अंतर्गत प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़ के निर्देशन में कालागढ़ रेंज के अंतर्गत वर्कचार्ज कालोनी व कालागढ़ रेंज की सीमा से लगने वाले स्थानीय ग्रामीणों के साथ तथा झिरना रेंज के झुल्लूमोड़, गूजर डेरों के स्थानीय लोगों के साथ एक जन संवाद जनजागरूकता हेतु प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा अपने अपने विचार व अपनी समस्याओं को रखा गया। जिसमें वन क्षेत्राधिकारी द्वारा वन एवं वन्यजीव सुरक्षा तथा मानव वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण हेतु उपस्थित समस्त ग्रामवासियों एवं स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु बताया गया। साथ ही उपस्थित समस्त जनता को आगामी वनाग्निकाल के दृष्टिगत वनों के महत्व से सम्बन्धी अनेक जानकारियों से अवगत कराया गया। वनों को आग से बचाने हेतु वनों में आग की घटना के संज्ञान में आने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करने का आग्रह किया गया।

### ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग



**नगीना।** आज द्वादशी के जुलूस को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर रही। जहां पुलिस सुबह से ही जुलूस की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी करती नजर आई। वहीं क्षेत्राधिकारी नगीना डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा थाना नगीना परिसर में द्वादशी जुलूस ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान जुलूस के निर्धारित मार्ग, संवेदनशील स्थलों, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अफवाहों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु व पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# हवाई यात्रियों की संख्या का जनवरी में नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता**

हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 4.36 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में घरेलू विमान सेवा कंपनियों की उड़ानों में सफर करने वालों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 49 हजार रही। यह जनवरी 2025 के एक करोड़ 46 लाख 11 हजार से 4.36 प्रतिशत अधिक है और अपने-आप में नया रिकॉर्ड है।

इससे पहले, नवम्बर 2025 में हवाई यात्रियों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 38 हजार रही थी। हालांकि दिसम्बर में इंडिगो के परिचालन में बड़े व्यवधान के कारण यह आंकड़ा घटकर 1.43 करोड़ रहा गया था। खास बात यह रही कि दिसम्बर 2025 में बड़ी गिरावट के बाद जनवरी में इंडिगो ने यात्रियों की संख्या के मामले में अपनी पुरानी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली। पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह के दौरान हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करने के बाद उसकी बाजार हिस्सेदारी नवम्बर के 63.6 प्रतिशत से घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी। जनवरी में एक बार फिर यह 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसका मतलब यह है कि यात्री एक बार फिर इंडिगो की तरफ वापस गए हैं।

# करोड़ों की चोरी का खुलासा

## दामाद समेत चार गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने एक सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी दामाद सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करोड़ों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है। यह घटना नहटौर के मौहल्ला कैथला में हुई थी।



पुलिस के अनुसार, 26 फरवरी को नहटौर निवासी संतोष कुमार वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके दामाद नवीन चौहान ने उन्हें, उनकी पत्नी और बेटी को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद घर से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली गई थी।

नहटौर पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 28 फरवरी को मुख्य आरोपी नवीन चौहान, उसके भाई कुणाल और मित्र शिवम चौहान को बेगराजपुर अड्डा के पास से गिरफ्तार किया। बाद में, इनकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात खरीदने वाले जौहरी शिवम सैनी को भी पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 2.173 किलोग्राम सोने के जेवरात, एक 50 ग्राम का सोने का बिस्कुट, 10 ग्राम का सिक्का, 23.5 किलोग्राम चांदी (गलाकर सिल्ली बनाई गई), 2,80,000 रुपये नकद और 2,50,000 रुपये की बैंक डिपॉजिट पर्ची बरामद की है। इसके अतिरिक्त, घटना में प्रयुक्त 4 नशीली गोलियां (एटिवन 2एमजी) और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

पूछताछ में मुख्य अभियुक्त नवीन चौहान ने बताया कि वह अपने ससुर के घर 'घर-जमाई' बनकर रहता था और वहीं ज्वैलरी का काम सीख रहा था। उसे जानकारी मिली थी कि उसके ससुर अपनी संपत्ति अन्य रिश्तेदारों के नाम करने की योजना बना रहे हैं। इसी लालच और असुरक्षा की भावना से उसने अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। उसने 25 फरवरी की शाम चाय में नशीली गोलियां मिलाकर ससुराल वालों को पिलाई थीं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नवीन चौहान (मुख्य आरोपी), कुणाल (नवीन का भाई), शिवम चौहान (सहयोगी) और शिवम सैनी (जौहरी) शामिल हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक अपराध विपिन कुमार ने किया, जिसमें स्वाट और सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिना अनुमति अंबेडकर प्रतिमा स्थापित

## प्रशासन ने मोर्चा संभाल कर प्रतिमा को हटाया, शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम अमीनाबाद में उस समय अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब शासन की अनुमति के बिना डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित किए जाने की सूचना प्रशासन को मिली। मामले की गंभीरता और कानून-व्यवस्था को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए मूर्ति को वहां से हटवाया।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम अमीनाबाद में कुछ ग्रामीणों द्वारा रातों-रात गांव की खलिहान हेतु आरक्षित सरकारी भूमि पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी गई थी। शनिवार को जैसे ही स्थानीय प्रशासन को इस अवैध निर्माण की सूचना मिलने से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार धनराज सिंह, नायब तहसीलदार राजकमल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय के नेतृत्व में हल्का दरोगा हरिप्रकाश सिंह व बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची ओर ग्रामीणों को समझाया। ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का तर्क था कि वे अपने महापुरुष का सम्मान कर रहे हैं, जबकि अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण का हवाला देते हुए प्रतिमा को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच घंटों तक तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। लेकिन पुलिस ने कड़ाई बरतते हुए मूर्ति को सुरक्षित स्थान पर से हटवा दिया। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और बिना अनुमति सार्वजनिक भूमि पर निर्माण करने के आरोप में दो पुरूष समेत 3-4 महिलाओं को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी महापुरुष की मूर्ति के प्रति समाज में गहरा सम्मान है, लेकिन उसकी स्थापना हेतु विधिक प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में पूर्ण रूप से शांति है।

# आंवला एकादशी पर भजन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी के फेस टू महादेवपुरम में स्थित श्री महादेव मंदिर में आंवला एकादशी पर्व के अवसर पर महिलाओं द्वारा सामूहिक पूजन एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के वातावरण से गूंज उठा।



कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत सामूहिक पूजन से किया गया। पूजन अनुष्ठान राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला के कार्यक्रम प्रभारी पंडित प्रणब भारद्वाज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सपना चौहान, गीता देवी चौहान, अंशु रानी, माया देवी, मालती देवी, नीलम देवी चौहान, प्रीति रानी शर्मा, सोनिका अग्रवाल, रेनू सिंह, मुन्नी देवी सैनी, रीना देवी सैनी, रानी देवी सैनी, शिवानी रानी, आस्था

### महिलाओं ने किया भक्ति रस का संचार

चौहान, शालिनी चौहान, हेमलता चौहान, नीलम रानी, उमा देवी चौहान, प्रियंका रानी सहित अनेक महिलाओं ने मुख्य यजमान एवं सह-यजमान के रूप में सहभागिता निभाई। पूजन के उपरांत महिलाओं ने भगवान शंकर, माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय, नंदी महाराज और वीर बजरंगबली हनुमान जी के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में महिलाओं ने होली पर्व से संबंधित आध्यात्मिक गीतों का भी उच्चारण किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकजुटता को बल मिलता है।

आंवला एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि होली पर्व के आगमन से पूर्व सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ करने का माध्यम साबित हुआ।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जोया (अमरोहा)

पत्रांक: 2992/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/निविदा प्रकाशन/2025-26 दिनांक: 28.02.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जोया में क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु टेण्डर (निविदा) दिनांक 28.02.2026 से दिनांक 17.03.2026 की 12.00 बजे मध्याह्न तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक 17.03.2026 को समय 03.00 बजे अपरान्ह में विकास खण्ड जोया के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जानी प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | BOQ की धनराशि (रू. में) | प्राक्कलन की कुल धनराशि | धरोहर धनराशि (रू. में) 10%की एफडीआर | | निविदा प्रपत्र मूल्य रू. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | EMD 2% | जमानत8% | | |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 9 |
| 1 | पंचम राज्य वित्त | ग्राम असगरीपुर संभल रोड से नसीम (नासिर) के मकान तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 799929 | 943900 | 16000 | 64000 | 1000 | 90 दिवस |
| 2 | | ग्राम पलौला में हनीफ के मकान से महमू के मकान तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 53902 | 636966 | 10800 | 43200 | 800 | 90 दिवस |
| 3 | | ग्राम मालीखेड़ा उर्फ शहबाजपुर में जहीर के मकान से मजाहिर के मकान तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 845883 | 998100 | 17000 | 67700 | 1000 | 90 दिवस |
| 4 | | ग्राम कपासी में ताहिर के मकान से शफीक के मकान की ओर सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 846848 | 999300 | 17000 | 67800 | 1000 | 90 दिवस |
| 5 | 15वां वित्त आयोग (अनटाईड फण्ड) | ग्राम नसीरपुर में जमील के मकान से कब्रिस्तान तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 576773 | 680600 | 11600 | 46200 | 800 | 90 दिवस |
| 6 | | ग्राम धनौरा उर्फ मुरादनगर में मतलूब के मकान से मुनासिब (मजाहिर) के मकान की ओर सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 606736 | 715900 | 12200 | 48600 | 800 | 90 दिवस |

**नियम व शर्ते एवं बी.ओ.क्यू. किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।**

खण्ड विकास अधिकारी
जोया (अमरोहा)


## एक नजर

### रंग द्वादशी का जुलूस धूमधाम से निकला



**नगीना।** नगर में शनिवार को रंग द्वादशी का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। दोपहर 1 बजे शुरू हुए इस जुलूस में होरियारों ने प्रेमभाव से सूखा गुलाल उड़ाया और एक-दूसरे को रंग लगाया। यह आयोजन होली से तीन दिन पहले होता है। जुलूस का शुभारंभ श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुआ। यह नगर के मुख्य बाजार से होता हुआ स्टेशन पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल होरियारे अपने परिचितों और अन्य लोगों को प्रेमपूर्वक रंग लगा रहे थे। वे मार्ग में सूखे रंग और अबीर-गुलाल उड़ाते हुए डीजे पर बज रहे संगीत का भी आनंद ले रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान भी पुलिस टीम के साथ मौजूद थे। यह रंग द्वादशी जुलूस नगर में हर वर्ष इसी प्रकार आयोजित किया जाता है। इस मौके पर साहू सलिल अग्रवाल उर्फ बिट्टू साहू, गोपाल शर्मा, सौरभ मित्तल, रोहित रवि, प्रमोद चौहान, राज. कुमार विश्नोई उर्फ राजू ब्रेड वाले आदि उपस्थित रहे।

### प्रेम प्रसंग में युवक ने खाया जहर



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खलियापार में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। लड़की पक्ष द्वारा घर आकर कथित तौर पर गाली-गलौच किए जाने से आहत होकर युवक ने यह कदम उठाया है। युवक के जहर खाने के बाद उसको निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

### पूर्व प्रधान की हो रही किरकिरी



**कालागढ़।** किन्नर समाज को धर्म पूछकर बधाई दिए जाने के वीडियो वायरल किये जाने से पूर्व प्रधान की किरकिरी हो रही है। क्षेत्र के लोगों को संदेश देने के बजाय मुंह छुपाते दिखाई दे रहे है। बताया जा रहा है कि दो दिनों पूर्व प्रधान मदन सिंह राणा ग्राम मुरलीवाला ने एक वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर जनता को संदेश दिया कि ग्राम में कई साधु संत एवं किन्नर समाज बधाई लेने ग्राम में प्रवेश करते है। जिनका आधार कार्ड देखना जरूरी है। किन्नर का आधार मुस्लिम समाज का होने पर मुस्लिम समाज के किन्नरों को गांव में घुसने से रोका जाये। वहीं उनका कहना है कि मुस्लिम समाज के किन्नरों ने लूट खसोट मचा रखी है। मुंह फाड़कर मोटी रकम मांगते है। शसनादेश भी जारी हुआ है। सभी का आधार कार्ड चैक करों। हिन्दू समाज के किन्नरों को आने दिया जाये। मुस्लिम समाज के किन्नरों को गांव में प्रवेश से रोक कर बहिष्कार किया जाये। मदन राणा ने ग्राम की जनता से अपील की है कि वहीं ग्राम के ही लोगों ने बयान देने वाले व्यक्ति का बहिष्कार किया। ग्राम मुरलीवाला परवीन चौधरी पूर्व प्रधान को बुद्धिहीन आदमी बताते हुए वायरल वीडियो को बकवास बताते हुए पूर्व प्रधान मदन सिंह राणा ग्राम व आसपास के क्षेत्रों का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है। जिसे हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे ग्राम के सभी लोग हमारे समाज के एक हिस्सा किन्नर समाज को अर्धनारीश्वर स्वरूप मानते है और किन्नर समाज होते भी है। पूर्व प्रधान मदन सिंह राणा को बहुत बड़ा दुष्ट बताते हुए यह वीडियो वायरल कर अपराध किया है। किन्नर समाज के साथ-साथ क्षेत्र की जनता में भी रोष पनपा हुआ है। वहीं क्षेत्र के कई जानकारों का यह भी मानना है कि पूर्व प्रधान मदन सिंह राणा की राजनीति फ्लॉप हो रही है। क्षेत्र में उनका वजूद एवं पकड़ जीरो पर पहुंच गई है। अपने आप को चमकाने हेतु बुद्धिहीन व्यक्ति अनाप सनाप वीडियो वायरल कर रहा है। वही शिवसेना जिलाध्यक्ष संजय राणा का कहना है मान सम्मान सबका होना चाहिए और ग्राम में किन्नर समाज का होता रहा है। किसी को भी जातिसूचक शब्द नहीं बोलना चाहिए। न पूर्व प्रधान मदन सिंह राणा का अधिकार है। ग्राम उनका नहीं सर्व समाज का है। मदन सिंह राणा की फेसबुक वीडियो वायरल में जमकर किरकिरी हो रही है। सर्वसमाज अपमान करने वाले पूर्व प्रधान को महा पापी मान रहा है।

### बाइक-स्कूटी में टक्कर, दो घायल



**नगीना।** नगर के चित्तौड़गढ़ चौकी के पास नर्सरी के सामने एक बाइक और स्कूटी में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों दोपहिया वाहन चालक घायल हो गए। देर शाम 6 बजे मोहल्ला लाल सराय में मुल्तानी कब्रिस्तान के पास की है। जहां बाइक और स्कूटी में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें घायल स्कूटी सवार द्वारा अपनी परवाह किए बिना 55 वर्षीय ग्राम अलहदादपुर निवासी बाइक सवार सतपाल को राहगीरों की सहायता से एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जिसे परिजन उपचारोपरांत घर ले गए। घटना में स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# कृष्णा में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवाओं को विज्ञान और उससे सम्बंधित शोध का परिचय कराने, विज्ञान को करियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करने एवं नई तकनीकियों का उपयोग एवं महत्व से जागरूक कराने के उद्देश्य हेतु आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कृष्णा कालेज के प्रांगण में विज्ञान विभाग द्वारा साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर एन इनोवेटिव एंड सस्टेनेबल वर्ल्ड विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

दीप प्रज्वलन के समय महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति की जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा कार्यक्रम को मुख्य विषयवस्तु से जोड़ते हुए आज के समारोह का मुख्य उद्देश्य सबके समक्ष उजागर किया। उन्होंने बताया विज्ञान संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवा छात्रों के मन में वैज्ञानिक जांच और विश्लेषणात्मक सोच की भावना पैदा करना है।

मुख्य अतिथि सीडीओ रणविजय सिंह ने अपने सम्बोधन में प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार से महत्वपूर्ण एवं स्वतंत्र विचारों को बढ़ावा मिलता है और संगोष्ठी के विभिन्न विषयों पर मौलिक विचारों का निर्माण होता है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में विज्ञान को सतत विकास की ओर बढ़ना चाहिए।

## एक नजर

### सदस्यता अभियान पर जोर



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी व विधानसभा चांदपुर प्रभारी मौहम्मद ताहिर के मौहल्ला कटकुई स्थित निवास पर पार्टी नेताओं के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। मौहम्मद ताहिर ने सदस्यता अभियान चलाने, पार्टी को मजबूत करने और सभी से बूथ स्तर से लेकर विधानसभा तक पार्टी से युवाओं को जोड़ने का काम करने, साथ ही सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर के संघर्षो, दलितों, पिछडों, वंचितों एवं मुस्लिमों के साथ साथ सर्वसमाज के लिए किए जा रहे संघर्ष को मजबूती देने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य भीम सेन हल्दिया, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने भी पार्टी के सदस्यता अभियान को अहम बताया ताकि आने वाले जिला पंचायत चुनावों मे पार्टी प्रत्याशियों को अच्छी विजयश्री प्राप्त हो। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जावेद, मौहम्मद शाहिद उर्फ चांद, नसीमुद्दीन मनिहार, रईस अंसारी, शहजाद अहमद आदि सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने भी शिरकत की।

### होली पर रंग के गुब्बारों को लेकर चिंता

**स्योहारा।** होली का पर्व नगर और क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारे और गिले-शिकवे मिटाने का संदेश लेकर आता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर का माहौल खुशियों और उत्साह से भरने लगा है, लेकिन इसी बीच रंग से भरे गुब्बारे फेंकने की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर चिंताएं भी सामने आने लगी हैं। लोगों का कहना है कि यह चलन आपसी एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचा सकता है। होली और ईद के त्यौहार को लेकर हाल ही में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्योहारा की पहचान गंगा-जमुनी तहजीब से है और यह परंपरा हमेशा कायम रहेगी। यहां लोग एक-दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं और आपसी सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं। बैठक में कुछ लोगों ने यह भी मुद्दा उठाया कि होली के दौरान धार्मिक स्थलों और घरों पर रंग से भरे गुब्बारे फेंके जाते हैं, जिससे अनावश्यक विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। यदि इस पर समय रहते रोक लगा दी जाए तो किसी भी प्रकार का मनमुटाव या तनाव उत्पन्न होने की संभावना नहीं रहेगी। अमन कमेटी की बैठक में मौजूद लोगों और थाना प्रभारी ने इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिलाया। उनका कहना था कि छोटी-छोटी बातों को लेकर आपसी भाईचारे में खटास नहीं आनी चाहिए। होली का त्योहार खुशियों और रंगों का त्योहार है, जिसे प्रेमपूर्वक मनाया जाना चाहिए। नगर के गणमान्य लोगों का भी कहना है कि हमें एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देनी चाहिए न कि ऐसे कृत्य करने चाहिए जिनसे किसी को ठेस पहुंचे। कुछ शरारती तत्व जुलूस के दौरान दूर तक मार करने वाले रंगीन गुब्बारे फेंकते हैं, जिससे लोगों में नाराजगी पैदा होती है। पूर्व में भी एक घटना में ऐसे गुब्बारों की अहम भूमिका रही थी। यदि इन बातों पर समय रहते ध्यान दिया जाए तो पुलिस प्रशासन और नगर के सामाजिक लोगों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकते हैं।

### देसी शराब के साथ दबोचा

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम मौजमपुर हरबंश के निकट पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने व्यक्ति से पूछताछ की। तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से 26 देसी शराब के पव्वे बरामद हुए। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अनोस पुत्र चंदरू निवासी ग्राम मौजमपुर हरबंस बताया। पुलिस ने आरोपी का संबंधित धारा में चालान कर दिया।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

## होली पर बेटी के घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** होली पर्व की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब अपनी बेटी के घर होली का सामान देने जा रहे एक बुजुर्ग की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। घटना से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार गांव अमखेड़ा निवासी महिपाल सिंह (70 वर्ष) धामपुर-नूरपुर मार्ग से होकर अपनी बेटी के गांव ठाठ नगला होली की मिठाई और अन्य सामान देने जा रहे थे। जैसे ही वे नींदडू क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे।






बताया जाता है कि महिपाल सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह के सहयोगी खेम सिंह उर्फ बिट्टन के पिता थे। घटना की सूचना पर नीरज प्रताप सिंह, नवीन कुमार, वैभव चौहान, अवनीश चौहान, सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए।

खेम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

एक ओर जहां पूरा नगर होली के रंगों में सराबोर होने की तैयारी कर रहा है, वहीं इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बेटी के घर त्योहार का सामान लेकर जाने निकले पिता का यूं असमय चले जाना हर किसी को भावुक कर गया। बताया जाता है कि पुलिस ने पास लगे पेट्रोल पंप के कैमरे को खंगाला तो पता चला कि कैमरा खराब निकला, जिस कारण हादसा रिकॉर्ड नहीं हो सका।

त्योहारों के मौसम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं एक बार फिर सावधानी बरतने की आवश्यकता की ओर संकेत करती हैं। प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और तेज रफ्तार से बचने की अपील की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## डा. लईक कुरैशी ने कराया इफ्तार



**स्योहारा।** पवित्र माह-ए-रमजान की रूहानी फिजाओं के बीच मंगलवार की शाम स्योहारा शहर आपसी सौहार्द और मौहब्बत की अनोखी तस्वीर बनकर उभरा। स्योहारा स्थित एचएस हॉस्पिटल के संचालक डॉ. लईक कुरैशी के आवास पर आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम ने नगर में एकता और भाईचारे का मजबूत संदेश दिया। इफ्तार से पूर्व रोजेदारों और मेहमानों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी एकजुटता के लिए विशेष दुआ की। जैसे ही मगरिब की अजान हुई, सभी ने खजूर और पानी से रोजा खोला। इसके बाद नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया गया। पूरे आयोजन में सादगी, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर की कई प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें मुस्तकीम अहमद, बब्बू कुरैशी, सभासद आसिफ रईस, दानिश जैदी और जुबैर कुरैशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा और मजबूत हुआ। इस अवसर पर डॉ. लईक कुरैशी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रमजान का महीना सब्र, सेवा और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन समाज में दूरियां मिटाकर दिलों को करीब लाने का काम करते हैं। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और भविष्य में भी इसी तरह भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में रंग-गुलाल के साथ धूमधाम से मनाई होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के किंडर-गार्टन सेक्शन (कक्षा नर्सरी से यूकेजी) के छात्रों व शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में नवनिर्मित फन -जोन मे आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत होली का त्यौहार एक - दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर बुलाये गए।

इस दौरान बच्चों ने एक - दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी तथा प्रेम भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों ने इस पर्व को सादगी व अनुशासन के साथ मनाया जिससे विद्यालय के फन-जोन में हँसी-खुशी और उत्साह का वातावरण बना रहा। शिक्षकों ने भी बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने की सीख दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने सभी को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 01 के सम्पत्ति संख्या 426 जो पालिका के गृहकर/जलकल अभिलेखों में श्री अहमद अली पुत्र रहमत अली के नाम दर्ज है। अतः श्री अहमद अली पुत्र रहमत अली का नाम निरस्त कर श्रीमती नाजरा परवीन पत्नी दिलशाद अहमद का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 14 के सम्पत्ति संख्या 74 जो पालिका के गृहकर/जलकल अभिलेखों में सरदार अहमद पुत्र शादी अहमद के नाम दर्ज है। अतः सरदार अहमद पुत्र शादी अहमद का नाम निरस्त कर मौ. अयाजुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

# अकोंधा में विशाल कृषक गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना विकास परिषद चांदपुर एवं पी.बी.एस. फूड्स शुगर मिल के संयुक्त तत्वावधान में आज ग्राम अकोंधा में एक विशाल कृषक गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। बसंत कालीन गन्ना बुवाई के इस महत्वपूर्ण सीजन में किसानों की आय दोगुनी करने और लागत घटाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आधुनिक कृषि यंत्रों का सजीव प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा।



तकनीक से सुधरेगी खेती की दशा, गोष्ठी में आधुनिक मशीनीकरण पर विशेष जोर दिया गया। किसानों के बीच मिनी हार्वेस्टर और एडजस्टेबल वीडर चर्चा का केंद्र बने। मिनी हार्वेस्टर ट्रेंच विधि से खेती करने वाले किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे समय और श्रम (लेबर) की भारी बचत होगी, जिससे खेती की कुल लागत में प्रभावी कमी आएगी।

एडजस्टेबल प्लांट वीडर से गुड़ाई के साथ-साथ मेड़बंदी और ट्रेंच फॉर्मेशन का कार्य भी करता है। इसकी उपयोगिता देखते हुए अधिकारियों ने 1.25 लाख रुपये की कीमत वाले इस यंत्र को किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराने हेतु संबंधित कंपनी को निर्देशित किया है। प्रजाति विस्थापन और पंचामृत खेती का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों ने किसानों को सचेत किया कि रोगग्रस्त हो चुकी को. 0238 प्रजाति का त्याग कर नवीन स्वीकृत किस्मों को अपनाएं। कम लागत में बंपर उत्पादन के लिए पंचामृत विधि, बीज एवं भूमि उपचार, और वैज्ञानिक पेड़ी प्रबंधन की बारीकियों को समझाया गया। पी.बी.एस. चीनी मिल के सहायक प्रबंधक प्रदीप सोलंकी एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने बताया कि किसानों की सुविधा हेतु यंत्र अनुदान एवं किराये पर उपलब्ध हैं।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री सुनील कुमार पुत्र स्व. श्री बसन्ता सिंह मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **स्व. श्री बसन्ता सिंह पुत्र श्री सुचेत** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **526/ए जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती उमा देवी पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **स्व. श्री बसन्ता सिंह पुत्र श्री सुचेत सिंह** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **526/सी जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय - नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद बिजनौर)

संख्या:- 223/ ई-निविदा/न.पा.परि.बि./ 2025-26 दिनांक :- 28/02/2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पत्र संख्या-773/21-एल.बी.सी. -2025-26 दिनांक 21.02.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम किश्त) की प्राप्त धनराशि की कार्ययोजना से विकास कार्य कराये जाने हैं। उक्त रजिस्ट्र्ड ठेकेदार/फर्म से निविदायें दिनांक 06.03.2026 से दिनांक 27.03.2026 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.inपर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27.03.2026 तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 27.03.2026 की सायं 5.00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 28.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence | 124/ET-NPPB/2025-26 |
| Publish date and time for Ref. | 06-03-2026 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Last date and time for submission of E-Tender | 27-03-2026 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Date and time of opening E-Tender | 28-03-2026 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे तक। |
| Place of opening E-Tender | Executive Officer Npp Bijnor. |
| E-Tender security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per E-Tender List. |

**नोट:-** धरोहर राशि/टेण्डर मूल्य तथा सम्बन्धित दस्तावेज के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्तें भली-भांति जान लें, किसी भी त्रुटि के लिये पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदाएं अथवा किसी एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**(विकास कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**(इन्दिरा सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

## तेरहवीं/रस्म पगड़ी



मान्यवर अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पुत्री पंकज कुमारी का स्वर्गवास 24-02-2026 दिन मंगलवार को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। अतः उनकी आरिष्टी दिनांक 02-03-2026 दिन सोमवार को होनी सुनिश्चित हुई है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करे।

शान्ति हवन.................................... प्रात : 08 बजे
ब्रह्म भोज........................................ दोपहर 12 बजे
रस्म पगडी...................................... दोपहर 02 बजे

**शोकाकुल परिवार:-** **केहर सिंह, कमल कुमार, योगेश कुमार, भूपेन्द्र कुमार, शूरवीर सिंह, मुकुल चौधरी, आर्णव चौधरी एवं समस्त परिवार।**

**निवेदक:- महेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट बुढ़नपुर, स्योहारा (बिजनौर)**

**मोबाइल नम्बर:- 9720101328, 7500208739**

## एक नजर

### रमजान का महीना बरकतों वाला



**चांदपुर।** नगर की सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक हाजी मौहम्मद इल्तिफात ने कहा कि रमजान का महीना बड़ी बरकतों का महीना है। रमजान के महीने का पहला अशराह पूरा हो रहा है। दूसरे अशरे में मुसलमान भाई रमजान की बरकतों से वाजा होते हुए अपने रोजा नमाज कायम रखें और पाबंद रहे। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह की रहमत और नेमत बरसती है और हर मुस्लिम को चाहिए कि वह रमजान उल मुबारक के महीने में अल्लाह की नियमतों और रहमतों का फायदा उठाएं। उन्होंने आगे कहा कि हर मुसलमान अपने आस-पास पड़ोस का भी ख्याल रखें और अपने पड़ोस को अपनी खुशियों में साझा करें। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था रमजान के महीने में हर गरीब परिवार को शुष्क राशन देकर मदद करती चली आ रही है और आगे भी इसी परंपरा को कायम रखा जाएगा ताकि कोई गरीब परिवार अपने त्योहार से महरूम न रह सके। उन्होंने सर्व समाज के सक्षम परिवारों से हर गरीब मोमिन की मदद करने की अपील भी की है।

### टैम्पो-कार की भिड़ंत में कई घायल

**धामपुर।** धामपुर-नहटौर मार्ग पर चौकी पृथ्वीराज चौहान के पास टैम्पो और कार की आमने-सामने टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि तीन अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। जानकारी के अनुसार टैम्पो धामपुर से नहटौर की ओर जा रहा था। जैसे ही टैम्पो चौकी पृथ्वीराज चौहान के पास पहुंचा, सामने से आ रही कार जिसके चालक रवि पुत्र कोमलकांत निवासी ग्राम सहादतपुर थाना रेहड़ जनपद बिजनौर बताए गए हैं, टैम्पो से टकरा गई। हादसे में टैम्पो में सवार ओमवती (58 वर्ष) पत्नी निहाल सिंह निवासी ग्राम फूलसन्दा थाना नहटौर के कमर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर से जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा ऋषिपाल (56 वर्ष) पुत्र मंगू सिंह निवासी ग्राम छोया नंगली थाना हीमपुर दीपा, सुमन देवी (46 वर्ष) पत्नी विपिन कुमार निवासी ग्राम बालापुर थाना नहटौर तथा सरला देवी (48 वर्ष) पत्नी कल्याण सिंह निवासी ग्राम मलकपुर डेरी थाना कोतवाली देहात को सामान्य चोटें आईं। उपचार के बाद उन्हें परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम SHEERI ZAIDI D/O LATE GULE HASAN था, जिसको मैंने बदलकर SHIRIN RIZVI W/O MINHAL AKHTAR RIZVI कर लिया है। भविष्य में मुझे SHIRIN RIZVI W/O MINHAL AKHTAR RIZVI के नाम से जाना व पहचाना जाए।

निवासी- H.No.1141, Nai sarai, pahadi darwaza, ps & Teh- Dhampur, 246761, bijnor.

## संबंध विच्छेद सूचना

हमारा भाई काशिफ पुत्र मौ. कासिम बुरी संगत में रहकर बिगड़ गया है। वह नशे का आदि हो गया है और हमारे व हमारे परिवार के साथ हर समय लड़ाई झगड़ा करता रहता है। हमने उसकी हरकतों से तंग आकर उससे संबंध समाप्त कर लिये है। काशिफ के किसी भी कृत्य से हमारा कोई लेना-देना नहीं होगा। **मिसबाबुल हसन, मेराजुल पुत्रगण मौ. कासिम निवासीगण ग्राम रायपुर सादात, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना, जनपद बिजनौर

पत्रांक:- 99/न.पा.परि.नगीना/नोटिस/ 2025-26 दिनांक-28/02/26

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना सं. -912/नौ-9-24-85ज/05टी.सी.-1 लखनऊ, दिनांक 28-06-2024 द्वारा प्राख्यापित उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 उत्तर प्रदेश की सभी नगर निकायों में शासन स्तर से लागू कर दी गयी है। शासनादेश संख्या 2563/नौ-9-2024-ई-1646203, नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 के द्वारा एवं जी.आई.एस. सर्वे के उपरान्त अपेक्षित कार्यवाही हेतु नगर पालिका परिषद नगीना द्वारा नई कर निर्धारण सूची तैयार कर ली गयी है। कर निर्धारण सूची में अंकित भवन स्वामी/ अध्यासी के नाम एवं कराधिरोपरण पर किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रक. ाशन के दिनांक से 01 माह के अन्दर लिखित रूप से अधिशासी अधिकारी के नाम से आपत्ति रजिस्टर्ड पत्र या सीधे नगर पालिका परिषद, नगीना के कार्यालय में प्राप्त करा सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त नियमावली 2024 नगर पालिका परिषद, नगीना के नोटिस बोर्ड पर जनसामान्य के अवलोकनार्थ चस्पा कर दी गयी है। अन्य जानकारी के लिये नगर पालिका परिषद, नगीना में किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नगीना**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**नगीना**

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

मुरादाबाद, रविवार 1 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगा आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज पेज 2



भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टर फाइनल पर खेल टाइम्स



पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा: 300 की मौत, 500 लोग घायल पेज 11



राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी बॉलीवुड

# अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला

## 85 छात्राओं सहित 102 लोगों की मौत, 60 से अधिक नागरिक हुए घायल

### ईरान का पलटवार

ईरान ने भी इजरायल, कुवैत, कतर, बहरीन व सऊदी में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमले किए

ईरान ने इजरायल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

दुबई एयरपोर्ट ने सभी उड़ानें रद्द की, इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक, स्कूल-दफ्तर बंद

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इन हमलों में दक्षिणी ईरान में अब तक 53 छात्राओं समेत 102 की मौत हो गई है। जबकि 60 से अधिक घायल हैं। ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय पर कथित इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है।

सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार इस हमले में करीब 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारी मोहम्मद रदमेहर ने कहा कि हमले के समय स्कूल में लगभग 170 छात्र मौजूद थे। राहत और बचाव अभियान जारी होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यानी देशों के हमलों में अब तक कुल 102 मौते हो चुकी हैं। इसमें मिनाब शहर की एक प्राथमिक बालिका विद्यालय की 85 छात्राएं, ईरान के पूर्वी इलाके में एक स्कूल के दो छात्र और अबू धाबी में हुई एक मौत शामिल है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजरायल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी ड्रोन हमला किया। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजरायल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजरायल का जाइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ईरान में तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं।



### पश्चिम एशिया से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कदम उठाए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले और इसके जवाब में कई देशों पर ईरानी कार्रवाइयों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्रालय से पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ता तनाव बेहद चिंताजनक है। पश्चिम एशिया में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाए।

### ईरान, इजरायल व कतर स्थित दूतावासों की भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह

- हेल्पलाइन नम्बर जारी किए

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ईरान, इजरायल और कतर स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और एक परामर्श जारी कर आपात स्थिति में दूतावासों से आपात टेलीफोन नम्बरों तथा ईमेल पर संपर्क करने को कहा है। कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि सभी भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने तथा दूतावास और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी समाचार और परामर्शों का पालन करने की सलाह दी जाती है। भारतीय नागरिक दिन-रात काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 00974-55647502 और दूतावास के ईमेल cons&doha@mea&gov&in पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने कहा है कि सभी नागरिक स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा जारी आपातकालीन अलर्ट का पालन करें। जन सुरक्षा के हित में सभी से आग्रह है कि सैन्य स्थलों के आसपास जाने से बचें, घर या अन्य किसी भी भवन के अंदर रहें, और अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें या आवागमन करें, ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने परामर्श में कहा है कि बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है। परामर्श में संबंधित समाचारों पर नजर रखते हुए स्थिति के बारे में जागरूक रहने और दूतावास की ओर से अगले आदेश की प्रतीक्षा करने की भी सलाह दी गई है।

### इजरायल का दावा: हमले में ईरान के रक्षा मंत्री व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मारे गए

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव के बीच इजरायल ने बड़ा दावा किया है। इजरायली सैन्य अभियान से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय स्रोत के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पकपौर इजरायली हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि हालिया हमलों में ईरान के सैन्य नेतृत्व से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस दावे के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### 11वां रोज़ा

#### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा



इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




### एयर इंडिया, इंडिगो ने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में विस्फोटक हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने वहां जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को एक यात्रा परामर्श में बताया कि उसने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान एआई139 को इजरायल में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण बीच रास्ते से ही दिल्ली के लिए वापस लौटना पड़ा था। एयरलाइन ने यात्रियों को घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी है।

## ईरान और खाड़ी देशों पर भारत की पैनी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई
- विदेश मंत्रालय बोला: सभी पक्ष संयम बरतें

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के ताजा हमलों के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी किया।

इस बयान में कहा गया कि भारत, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि वह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करता है। मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के मिशन भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और उन्होंने उचित परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। ईरान पर हमले से भारत के लिए भी बड़ी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। लड़ाई लंबी चली, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक स्थिरता समेत कई मोर्चों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा ईरान के पड़ोसी देशों से आयात करता है। देश का करीब 40 से 60 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के निकास मार्ग से आता है। यहां किसी तरह का सैन्य अवरोध होने पर तेल की आपूर्ति में बाधा आ सकती है। खाड़ी देशों में 80 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय रहते हैं। इनकी सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर इनकी निकासी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### प. बंगाल: फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 61 लाख नाम काटे गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस के बाद राज्य में वोटरों की संख्या 7,04,59,284 हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फार्म-7 के जरिए 5,46,053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फार्म-6 और फार्म-6ए जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया। इस पूरे प्रोसेस में 61,78,245 लोगों के नाम काटे गए हैं।

## आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत

- आठ लोगों की हालत गंभीर
- राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है। पटाखा फैक्ट्री में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। सीएम नायडू ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्ट्री में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

### एनसीईआरटी की एडवाइजरी, 8वीं की बैन पुस्तक है, तो लौटाएं

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक जिन व्यक्तियों या संगठनों के पास है वे इस किताब को तुरंत लौटाएं। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की जिस किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला अध्याय था और जिस पर रोक लगा दी गई है, उसकी सभी प्रतियां वापस एनसीईआरटी मुख्यालय में जमा कराई जाएं। एनसीईआरटी ने यह भी कहा कि इस किताब के 'The Role of the judiciary in Our Society' अध्याय से जुड़ा कोई भी कंटेंट यदि सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है, तो उसे तुरंत हटा दिया जाए। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किताब पर रोक लगाए जाने के बाद उसे डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फैलने से रोका जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

## जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन

**हुबली।** जम्मू-कश्मीर की टीम ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नए रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। पहली पारी के शतकधारी शुभम पुंडीर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 245 रन बनाने तथा 60 विकेट लेने वाले आकिब नबी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2:10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुमकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गए, लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी।




लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल ने 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 160 तथा साहिल लूथरा ने 226 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए।

तुरन्त आवश्यकता
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

# उमरा को गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सऊदी कम्पनी से उमरा करने गये युवक की सऊदी में सड़क हादसे में मौत की जानकारी मिलते ही उसके परिजनों सहित शुंभचितकों में कोहराम मच गया।

मौहल्ला तराई निवासी मौहम्मद खालिद का लगभग 25 वर्षीय पुत्र मौहम्मद कैफ कई वर्षों से सऊदी अरब में रहकर कम्पनी में काम करता था। परिजनों के अनुसार लगभग दो माह की छुट्टी पर भारत आया था। छुट्टी के बाद एक बार फिर सऊदी अरब चला गया था। बताया जाता है कि युवक का गुरुवार को जन्मदिन था। इस मौके पर वह दोस्तों के साथ सऊदी अरब में कम्पनी से उमरा करने मक्का मदीना गया था। शुक्रवार की शाम अपने रूम पर चार पहिया वाहन से वापस लौट रहा था। इस



**परिजनों में मचा कोहराम**

दौरान उसकी सड़क हादसे में मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था।

# तीन स्थानों पर 10 दिन की तरावीह मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र माह रमजान की बरकतों के बीच स्योहारा नगर में रूहानी माहौल चरम पर है। नगर के अलग-अलग स्थानों पर दस दिन की तरावीह मुकम्मल होने पर इबादत, तिलावत और दुआओं की गूंज सुनाई दी।

समाजवादी पार्टी के नेता अफजाल चौधरी के निवास पर दस दिन की तरावीह मुकम्मल होने पर बेहद खुशनुमा और रूहानी माहौल देखने को मिला। मासूम हाफिज मेहताब अहमद, मेराज अहमद पुत्र हसीनुद्दीन और हाफिज शाबान ने खूबसूरत अंदाज में कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर नमाज अदा कराई। उनकी तिलावत ने मौजूद अकीदतमंदों के दिलों को छू लिया। इस मौके पर मुफ्ती अकील ने मुल्क और कौम की सलामती, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआ कराई, जबकि कारी हैदर ने



**इबादत और इत्तेहाद की अनोखी मिसाल**

नात-ए-पाक पेश कर महफिल को और भी रूहानी बना दिया। बड़ी संख्या में उलेमा ए-कराम और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं नगर के पूर्व सभासद मौहम्मद इरफान फरीदी के शोरूम पर भी दस दिन की तरावीह मुकम्मल की गई। इरफान फरीदी के प्रयासों से यहां रोजेदारों और नमाजियों के लिए बेहतर इंतजाम किया गया। उनके पुत्र मौहम्मद रिहान फरीदी ने पूरे उत्साह के साथ नमाजियों की खिदमत की, जिसकी सभी ने सराहना की। लोगों ने कहा कि इरफान फरीदी हमेशा से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में आगे रहकर समाज को जोड़ने का काम करते रहे हैं और यह आयोजन भी उसी कड़ी का हिस्सा है। इसी क्रम में नगर के सम्मानित चिकित्सक डॉ. तफज्जुल के निवास पर भी दस दिन की तरावीह का सिलसिला मुकम्मल हुआ। यहां भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और कुरआन की तिलावत से माहौल को रौशन किया। दुआओं में मुल्क की तरक्की, कौम की बेहतरी और अमन-चैन की कामना की गई। तीनों स्थानों पर तरावीह मुकम्मल होने पर हाफिजों की हौसला-अफजाई की गई। स्योहारा में इस तरह के आयोजन यह साबित करते हैं कि रमजान सिर्फ इबादत का महीना नहीं, बल्कि मौहब्बत, भाईचारे और इत्तेहाद का भी पैगाम देता है। कार्यक्रम में कारी जीशान, कारी नाजिर, मौलाना शाहिद, मौलाना महफूज रहमान, मौहम्मद हाजी इलयास, डॉ. इमरान, आदिल चौधरी, गौहर चौधरी, आमिर चौधरी, अरशद चौधरी, नय्यर चौधरी, नजीब उल हसन, आसिफ मंसूरी, खालिद मुस्तकीम अहमद, वली उर रहमान और शकील वकील समेत अनेक अकीदतमंद शामिल रहे।

## एक नजर

### गुलदार का शव मिलने से हड़कंप



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम नंदगांव स्थित गुलदार के शव पड़े होने की सूचना पर पहुंचे डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह के अनुसार मृतक गुलदार नर है व इसकी उम्र लगभग पांच वर्ष होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि गुलदार यूकेलिप्टस के पेड़ पर चढ़ते समय गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। क्षेत्र में इससे पहले भी गुलदार की गतिविधियां देखे जाने की चर्चाएं रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### स्पीड ब्रेकर हटाए गए



**नजीबाबाद।** मंडावली-नांगल मार्ग पर स्थित सराय आलम की नहर पुलिया के पास से स्पीड ब्रेकर हटा दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने यह कार्रवाई राहगीरों की लगातार शिकायतों और चोटिल होने की घटनाओं के बाद की है। शिवरात्रि के दौरान लगाए गए इन स्पीड ब्रेकरों के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। कई लोग इन ब्रेकरों से गिरकर चोटिल भी हुए थे। क्षेत्रवासियों और किसान यूनियन अराजनीतिक के सदस्यों ने इसकी शिकायत की। शिकायत करने वालों में कुलबीर सिंह, राजवीर काकरान, पुनीत कुमार और मुनेंद्र सिंह शामिल थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एस.एस. पांडे को अपनी समस्या से अवगत कराया था। अधिशासी अभियंता एस.एस. पांडे ने शिकायत को गंभीरता से लिया और तत्काल इन ब्रेकरों को हटवाने के निर्देश दिए। विभाग ने यातायात सुरक्षा की दृष्टि से यह ब्रेकर लगाए थे। लेकिन इनसे राहगीरों को अत्यधिक असुविधा हो रही थी।

# दो बेसहारा महिलाओं को मिला सहारा

## मंडावली स्थित दिव्यांग आश्रम में प्रवेश करते ही हो उठीं भावुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली स्थित दिव्यांग आश्रम आर्य सुगंध संस्थान में मानवता की मिसाल देखने को मिली। जब दो बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं को आश्रय प्रदान किया गया। वर्षों से दर-दर भटक रहीं यह महिलाएं अलग-अलग राज्यों से यहां पहुंचीं और अब उन्हें एक सुरक्षित ठिकाना मिल गया है।

संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 75 वर्षीय संध्या गोपी झारखंड की निवासी हैं। बताया गया कि उनके भाई की हत्या के बाद उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। पारिवारिक सहारा खत्म होने के बाद वह पिछले करीब दस वर्षों से इधर-उधर भटक रही थीं। उम्र के इस पड़ाव पर अकेले जीवन यापन करना उनके लिए बेहद कठिन हो गया था।

दूसरी महिला 68 वर्षीय हीरा मुखर्जी पश्चिम बंगाल से हैं। उन्होंने बताया कि उनकी एक बेटी है। दामाद



द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने के बाद उन्हें घर से निकाल दिया गया। परिवार का साथ छूटने के बाद वह भी कई वर्षों तक भटकती रहीं। इस दौरान उन्हें न तो स्थायी आश्रय मिला और न ही समुचित देखभाल। जीवन की मार झेल रहीं यह दोनों महिलाएं भटकते-भटकते एक-दूसरे से मिलीं। समान परिस्थितियों ने उन्हें एक-दूसरे का सहारा बना दिया। किसी तरह जानकारी मिलने पर दोनों मंडावली स्थित आश्रम पहुंचीं, जहां उन्हें सहानुभूति और संरक्षण मिला। आश्रम में प्रवेश करते ही वह भावुक हो उठीं। आश्रम की प्रबंधिका कमलेश आर्या से मिलकर दोनों महिलाओं ने अपनी दर्दभरी कहानी साझा की। उनकी आपबीती सुनकर आश्रम परिवार भी भावुक हो गया। संस्थान के सदस्यों ने उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि अब उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें परिवार जैसा माहौल देने का प्रयास किया गया। दोनों बुजुर्ग महिलाएं शारीरिक रूप से भी कमजोर हैं। उनमें से एक चलने-फिरने में असमर्थ है और विशेष देखभाल की आवश्यकता है। आश्रम प्रशासन ने उनके इलाज और नियमित देखभाल की व्यवस्था शुरू कर दी है, ताकि वह स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जी सकें।

प्रबंधिका कमलेश आर्या ने दोनों महिलाओं का सम्मानपूर्वक आश्रम में प्रवेश कराया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सुंदर गोयल, उपाध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश और गर्जना आर्या भी मौजूद रहे। आश्रय मिलने के बाद दोनों महिलाओं ने आश्रम परिवार को आशीर्वाद दिया और खुद को सुरक्षित महसूस किया। यह पहल समाज में मानवीय संवेदनाओं की मजबूत मिसाल बनकर सामने आई है।

# भाजपा नेता अकरम अंसारी समाज सेवा व व्यापार में बना रहे अलग पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं इंडियन बेकरी के संचालक अकरम अंसारी अपनी सामाजिक सक्रियता, सरल स्वभाव और व्यापारिक ईमानदारी के चलते क्षेत्र में एक सम्मानित पहचान बना चुके हैं।

लंबे समय से भाजपा विचारधारा से जुड़े अकरम अंसारी नगर के विभिन्न सामाजिक व जनहित कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते रहे हैं। अकरम अंसारी का मानना है कि राजनीति का उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग और सेवा पहुंचाना होना चाहिए। इसी सोच के साथ वे समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहते हैं।

व्यापारिक क्षेत्र में भी उनकी इंडियन बेकरी नगरवासियों के बीच भरोसे का प्रतीक मानी जाती है। जहां



गुणवत्ता और साफ-सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अकरम अंसारी ने अपने व्यवहार और कार्यशैली से ग्राहक सेवा का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। नगर के गणमान्य लोगों ने बताया कि अकरम अंसारी युवाओं के लिए भी प्रेरणा हैं, जो व्यापार और समाज सेवा दोनों क्षेत्रों में संतुलित भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में कई सामाजिक गतिविधियां आयोजित होती रही हैं, जिनसे समाज में आपसी भाईचारा मजबूत हुआ है।

### डीएलएड प्रथम सेमेस्टर में शिवानी अव्वल



**बिजनौर।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा डीएलएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में कुंवर कली एजुकेशनल कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिवानी राजपूत ने 90.13 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, शहज़ादरी बानो ने 89 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं छात्रा कविता ने 88.88 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा नीशी ने 89.38 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, योगेन्द्र सिंह ने 88.75 प्रतिषत द्वितीय एवं छात्रा गरिमा ने 88.63 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सकल जैन समाज सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक, साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, समिति के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, समिति के संगठन मंत्री डॉ. राजमोहन विश्वास, तारा जोशी आदि समिति के सदस्यों द्वारा सकल जैन समाज को सम्मान पत्र भेंट कर सनातन सारथी सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही सकल जैन समाज द्वारा निकाली गयी स्वर्ण रथ यात्रा का हंगामा लोक साहित्यिक व सामाजिक समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, समिति के संरक्षक डा. जितेंद्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, संगठन मंत्री डॉ. राजमोहन विश्वास, तारा जोशी, आशा गोस्वामी आदि द्वारा पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर कन्हैया स्वीट्स पर भव्य स्वागत किया गया। हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति को ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर द्वारा 141 वाँ स्वर्ण रथयात्रा महामहोत्सव पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### एन.एस. इंटरनेशनल में मनाई होली




**बुढ़नपुर।** एनएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली का पर्व मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक राधा कृष्ण के रूप की साज सज्जा में इस पर्व को धूमधाम से मनाया। प्रिंसिपल रूचि सिंह ने होली पर्व के महत्व को समझाते हुये सदभावना से मिलजुल कर त्योहार मनाने के लिये सभी को प्रेरित किया एवं होली के पर्व बधाई दी। मैनेजर निखिल कुमार व चेयरमैन पवन सिंह ने होली की बधाई दी। इस अवसर पर स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पर्व को धूमधाम से मना कर भारतीय संस्कृति का परिचय दिया।

## एक नजर

### सीएचसी में आशाओं को प्रशिक्षण



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही द्वारा आशा कार्यकत्रियों को आगामी कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। यह अभियान 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक चलाया जाएगा। डा. स्नेही ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कुष्ठ रोग की समय पर पहचान कर मरीजों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की जांच करेंगी और संदिग्ध मरीजों को सीएचसी भेजेंगी। एनएमए शीशराम ने जानकारी दी कि ब्लॉक स्योहारा में 206 सर्वे टीमें तथा 2 मोबाइल टीमों सहित कुल 208 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। कुष्ठ रोग जिसे हैंसेन रोग भी कहा जाता है, माइकोबैक्टीरियम लेप्रे जीवाणु से होने वाला संक्रामक रोग है। यह मुख्य रूप से त्वचा और नसों को प्रभावित करता है। इसकी पुष्टि होने पर मरीजों का बहु-औषधि उपचार पद्धति के माध्यम से नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। इस अभियान के लिए डा. राकेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### संस्कार स्कूल में जमकर खेली गई होली



**नांगल सोती।** संस्कार पब्लिक स्कूल में बच्चों ने जमकर होली खेली, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। शनिवार को होली त्यौहार का अवकाश घोषित होते ही बच्चों ने अपने साथियों सहित अध्यापिकाओं के साथ रंग गुलाल खेला। स्कूल की ओर से रंगों की व्यवस्था और प्रिंसिपल सुनीति आर्य की देखरेख में बच्चों ने रंग के त्यौहार होली का जमकर लुत्फ उठाया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सुरक्षित तरीके से होली खिलाई। जिसमें बच्चों की खिलखिलाहट और रंगों की बौछार से स्कूल परिसर सराबोर हो उठा। सभी बच्चों ने एक दूसरे के गले मिलकर और रंग लगाकर आपसी प्रेम सद्भाव व भाईचारे का संदेश दिया।

### जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**हीमपुर दीपा।** ग्राम अजुपुरा जट में चल रहे एसपी कॉलेज तिगरी की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में सात दिवसीय शिविर में आज सातवें दिन स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण के संदर्भ में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया और उपस्थित ग्रामीणों को जल की महत्वता के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने दूषित जल से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में सभी उपस्थित ग्रामीणों को सचेत किया और बताया कि जल संरक्षण हमारी जीवन शैली के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए अपने आसपास दूषित जल एकत्रित न होने दे। स्वयंसेवकों में नैतिक, राहुल, अनिरुद्ध, पारुल, सुषमा, शोभा, अभिनव, ममता, सविता आदि उपस्थित रहे। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अंबिका बंसल और प्रबंधक राहुल बंसल ने सात दिवसीय शिविर को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि अग्रिम समय में भी संस्था द्वारा ऐसे कार्यक्रम बहुत ही तीव्र गति से चलाए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आसिफ मंसूरी, कपिल शर्मा, संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह, विपिन कुमार, गुरदीप सिंह, देव मौर्य आदि का विशेष योगदान रहा।

# कुत्तों के झुंड का बच्चे पर हमला

## घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्ट्रीट डॉग का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला कच्ची गढ़ी क्षेत्र का है। जहां 10 वर्षीय मासूम हादी पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादी सड़क से गुजर रहा था, तभी अचानक कई स्ट्रीट डॉग उसकी ओर दौड़े और उस पर टूट पड़े। इससे पहले कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, कुत्तों ने बच्चे के हाथ और पैरों में कई जगह काट लिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर लोग दौड़े और किसी तरह उसे स्ट्रीट डॉग के चंगुल से छुड़ाया। घटना के तुरंत बाद घायल बच्चे को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को कई स्थानों पर गहरे घाव आए हैं। एहतियातन उसे एंटी-रेबीज इंजेक्शन भी लगाए गए। परिजनों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से स्ट्रीट डॉग का आतंक बना हुआ है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में घायल बच्चा रोता हुआ नजर आ रहा है और उसके पास एक महिला खड़ी है, जो उसे संभालने की कोशिश कर रही है। यह वीडियो न सिर्फ दिल को झकझोर देने वाला है, बल्कि क्षेत्र में बढ़ते खतरे की हकीकत भी बयां कर रहा है। यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पूर्व मौहल्ला हवेली तला निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति पर भी स्ट्रीट डॉग ने हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। लगातार सामने आ रहे मामलों ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय



निवासियों का आरोप है कि नगर निकाय और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिले आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। डॉ. मौहम्मद अजहर के अनुसार, शनिवार दोपहर दो बजे तक 82 एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए जा चुके थे, जिनमें से 21 मामले उसी दिन के नए थे। ये आंकड़े साफ संकेत दे रहे हैं कि आवारा कुत्तों के हमले अब आम बात होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर रोजाना बढ़ती भीड़ इस समस्या की भयावह तस्वीर पेश कर रही है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि स्ट्रीट डॉग को पकड़ने, नसबंदी और टीकाकरण की प्रभावी व्यवस्था की जाए। साथ ही संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### अभिभावकों का उत्पीड़न करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की मांग

**नजीबाबाद।** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम शैलेंद्र कुमार को सौंपा। पत्र में कहा गया है कि जनपद के निजी विद्यालयों द्वारा पाठ्य-पुस्तकों का एकल दुकान से अनिवार्य खरीद, प्रकाशन विवरण के अभाव, अनधिकृत पुस्तकों के प्रयोग एवं बोर्ड नियमों के घोर उल्लंघन के संबंध में विधिक जांच एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के अंतर्गत अनेक निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में संगठित रूप से नियम के विरूद्ध, मनमानी एवं आर्थिक शोषणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो न केवल कानून का उल्लंघन हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को केवल एक नामित दुकान/विक्रेता से पाठ्य-पुस्तकें खरीदने हेतु बाध्य किया जाना, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, प्रतिस्पर्धा अधिनियम एवं शिक्षा से संबंधित शासनादेशों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। अपना दल (एस) ने कहा कि यदि इस विषय पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन लोकतांत्रिक एवं विधिक दायरे में रहकर जनहित में आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

# रमजान में इफ्तार करा रहे मौ. इलियास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र माह रमजान मुबारक के अवसर पर नगर के मौहल्ला चौधरियान निवासी हाजी मौहम्मद इलियास द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा और खिदमत का सिलसिला जारी है।

हाजी मौहम्मद इलियास के पेट्रोल पंप परिसर में पूरे रमजान माह रोजेदारों, मुसाफिरों और सफीरो व जरूरतमंदों के लिए रोजा इफ्तार व खाने की व्यवस्था की जाती है। साथ ही 15 दिनों तक तरावीह की नमाज का आयोजन भी कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर इबादत का सवाब हासिल कर रहे हैं। दूर-दराज से आने वाले सभी मुसाफिरों को यह भली-भांति मालूम



**रोजेदारों व मुसाफिरों के लिए विशेष इंतजाम**

है कि हाजी इलियास के पेट्रोल पंप पर पूरे रमजान रोजा इफ्तार और खाने का इंतजाम नियमित रूप से किया जाता है। यही कारण है कि चाहे कोई व्यक्ति धार्मिक कार्य से कहीं भी आया हो लेकिन इफ्तार के समय वह सीधे हाजी इलियास के पेट्रोल पंप पर ही पहुंचता है, जहां उसे सम्मान के साथ रोजा खोलने की पूरी व्यवस्था मिलती है। पेट्रोल पंप परिसर में रोजाना खजूर, फल, पानी और अन्य इफ्तार सामग्री के साथ-साथ भोजन की भी व्यवस्था की जाती है। इस नेक कार्य को सफल बनाने में गौहर चौधरी, आमिर चौधरी, आसिफ नेता और उनके सहयोगी भरपूर सहयोग कर रहे हैं। सभी लोग मिलकर पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ सेवा में जुटे हुए हैं, जिससे यह सिलसिला निरंतर जारी रह सके। रमजान के पवित्र महीने में किया जा रहा यह सेवा कार्य क्षेत्र में आपसी भाईचारे, इंसानियत और सामाजिक एकता की मिसाल बन गया है। नगरवासियों द्वारा इस पहल की सराहना की जा रही है और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया जा रहा है, जो समाज में सेवा और सद्भाव का संदेश देता है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# तरावीह से लौटते समय टायर कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर में शुक्रवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब अज्ञात बदमाशों ने एक टायर कारोबारी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में 48 वर्षीय अनीस अहमद पुत्र जब्बार हुसैन की मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अनीस अहमद पाकबाड़ा में टायर एजेंसी संचालित करते थे। शुक्रवार को उन्होंने घर पर रोजा इफ्तार किया, ईशा की नमाज अदा की और रात करीब 9:20 बजे तरावीह की नमाज पढ़कर अपने दूसरे भाई नफीस और बच्चों के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से अनीस गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर



ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी साजिया, दो बेटे और चार बेटियां छोड़ गए हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा है और पूरे कस्बे में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जब अनीस का शव उनके पैतृक गांव रूपपुर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। नम आंखों के



बीच गांव के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। शव पहुंचते ही पत्नी साजिया बेसुध हो गई, जबकि बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन,बिलारी विधायक फहीम इरफान,पूर्व विधायक हाजी रिजवान,ठाकुर जयवीर सिंह,जिला पंचायत सदस्य हाजी रफी,राबुल पाशा,मो यूसुफ कल्लू प्रधान,हाजी उबैद,हाजी उस्मान,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी,पूर्व ब्लाक प्रमुख हाफिज वारिस,आईटीएम ग्रुप के चेयरमैन आरिफ पाशा, असलम खान, जिला पंचायत सदस्य नावेद बबलू,हाजी मुंशाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल



हुए। एसपी देहात कुँवर आकाश सिंह ने कहा इस पूरे प्रकरण में तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## कोतवाली में थाना समाधान दिवस आयोजित कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**बिलारी।** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बिलारी कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें राजस्व और पुलिस से संबंधित मामलों की प्रमुखता रही। कार्यक्रम के दौरान कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 9 शिकायतें तहसील से संबंधित तथा 1 शिकायत पुलिस विभाग से जुड़ी थी। अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समाधान दिवस की अध्यक्षता विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

## होली को लेकर पुलिस अलर्ट, होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** होली के पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। पुलिस ने आज क्षेत्र के गांव में जाकर होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया और कमेटी वालों से वार्ता कर सकुशल होली संपन्न कराने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ गांव में निकले और उन्होंने मधपुरी महमूदपुर माफी सिरसा रसूलपुर गुर्जर पेली बिश्नोई आदि गांव में जाकर होली का दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन किया।

कमेटी वालों से वार्ता में उन्होंने कहा कि सही समय पर होली का दहन किया जाना चाहिए असामाजिक तत्वों को उन्होंने किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 300 व्यक्तियों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई है तथा 100 व्यक्तियों को धारा 168 का नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के



डीजे संचालकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं यदि किसी संचालक ने डीजे मानक के विपरीत बजाया तो होली पर्व के उपरांत उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस दौरान गांव में गश्त करके ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है।

## बसंतकालीन गन्ना बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन एवं गन्ना बीज आरक्षित करने हेतु कृषक जागरूकता गोष्ठी

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट रानीनांगल द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई को सफल बनाने तथा किसानों को आधुनिक खेती तकनीकों से जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को चीनी मिल परिसर में वृहद कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मंच पर उपाध्यक्ष वी० वेंकटरथनम, महाप्रबंधक (गन्ना) टी० एस० यादव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ठाकुरद्वारा हसमुल हसन, उप महाप्रबंधक (विकास) सुनील कुमार मलिक, उप महाप्रबंधक (विपणन) प्रभात सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान उपाध्यक्ष श्री वी० वेंकटरथनम द्वारा कृषकों के साथ-साथ



गन्ना विभाग के कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कृषकों से अपील की कि लाल सड़न रोग से बचाव हेतु फसल चक्र अपनाएँ, स्वस्थ बीज का चयन करें तथा बीज शोधन के उपरांत अधिक उत्पादन देने वाली उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे-को०-0118, 15023, 98014, को०लख०-14201, 16202, 94184 आदि की ही बुवाई करें। साथ ही, बसंतकालीन गन्ना बुवाई के दौरान चीनी मिल द्वारा प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषकों से आग्रह किया गया कि वे चीनी मिल को साफ-सुथरा, जड़-पत्ती, अगोला एवं मिट्टी रहित गन्ने की आपूर्ति करें, जिससे चीनी मिल एवं कृषक दोनों उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर यह भी अवगत कराया गया कि चीनी मिल द्वारा दिनांक 20.02.2026 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों के खातों में प्रेषित किया जा चुका है। इसी क्रम में महाप्र. बंधक (गन्ना) टी० एस० यादव ने मंच पर उपस्थित प्रतिनिधियों का अभिवादन करते हुए कृषकों को चीनी मिल द्वारा बसंतकाल. ीन गन्ना बुवाई में दिए जा रहे अनुदान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा पैदावार बढ़ाने हेतु मृदा परीक्षण एवं मृदा सुधार के विषय में भी प्रकाश डाला। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया कि जिन कृषकों के पास उन्नतशील गन्ना बीज उपलब्ध नहीं है, वे समय रहते पड़ोसी कृषकों से गन्ना बीज सुरक्षित कर लें। साथ ही, भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने हेतु ट्रैश मल्चर के उपयोग एवं गन्ने की कटाई के उपरांत पेड़ी में अच्छे फुटाव के लिए इथाफोन के प्रयोग की जानकारी भी दी। इसके अतिरिक्त, महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा बेसिक कोटा से अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों को प्रोत्साहन स्वरूप घोषित बम्पर लकी ड्रॉ के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ठाकुरद्वारा हसमुल हसन द्वारा कृषकों को गन्ना विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर गोष्ठी में गन्ना प्रबंधक प्रदीप सिंह एवं संजय सिंह सहित प्रगतिशील कृषक गजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राजपाल सिंह, संजीव विश्नोई, याद राम सिंह, बलवीर सिंह, नवल सिंह एवं नवीन विश्नोई सहित लगभग 250 कृषक, गन्ना परिषद एवं चीनी मिल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने आयोजित किया रोजा इफ्तार कार्यक्रम, क्षेत्रवासियों ने लिया हिस्सा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना के सामने अलादीन हवेली फैमिली ढाबा में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित कराया। कार्यक्रम में हजारों क्षेत्रवासी शामिल हुए, सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इफ्तार में खजूर, फल, पकौड़े और शरबत सहित कई पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि रमजान धैर्य और त्याग का महीना है। यह एक-दूसरे की मदद करने की सीख देता है। उन्होंने समाज में शांति और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि त्योहार हमें जोड़ने का काम करते हैं। त्योहारों का उद्देश्य है कि समाज को एकता के सूत्र में बांधा जाए। इस दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में मुस्लिम और हिन्दू समाज का एक साथ शामिल होना इस बात का प्रतीक है कि हमारा देश प्रेम और सद्भाव के खूबसूरत धागे में बंधा हुआ है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

**मैं, MOHD. DANISH] S/o MOHD. SALIM, R/o Officers Colony, D.M. Compound H. No-05, Kanth Road, Moradabad-244001,** यह घोषणा करता हूँ की मेरे नाम की स्पैलिंग गलती से ''MOHD. DANISH" और पिता का नाम "MOHD SALIM" लिखा गया था। **अब सही नाम ''MOHD DANISH" और पिता का नाम "MOHD SALIEM" है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।**

## सतत उद्यमिता के लिए नवाचार, नैतिकता, सहयोग अनिवार्य

### तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी-टिमिट के आईएसटीडी मुरादाबाद

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी-टिमिट के आईएसटीडी मुरादाबाद चौप्टर के तत्वावधान में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नवाचार प्रेरित उद्यमिता: सतत विकास के लिए रणनीतियों पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कैंपस में हुई आईएसटीडी की पहली राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा, नवाचार, नैतिकता, सहयोग और संस्थागत समर्थन के जरिए ही भारत जैसे उभरते देशों में सशक्त और सतत उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सकता है। टिमिट के 300 से अधिक छात्रों की उत्साही सहभागिता के बीच रिसर्च पेपर्स बेस्ड एसडीजीएस एंड इन्नोवेशन: एंटरप्रिन्यूरियल स्ट्रेटेजीज एंड स्टार्टअप परसेप्टिपस पुस्तक का विमोचन भी हुआ। इससे पूर्व दीप प्रज्जवलन के संग मेडिकल एलटी में राष्ट्रीय संगोष्ठी का श्रीगणेश हुआ। अतिथियों का बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संचालन स्टुडेंट पर्व जैन ने किया। नैतिक चिंतन के संग हो एआई का उपयोग: प्रो. संगीता जैन देवी अहिल्या विश्व. विद्यालय, इंदौर के प्रबंधन अध्ययन संस्थान की पूर्व निदेशक प्रो. संगीता जैनने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा, यद्यपि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अत्यंत सक्षम तकनीक है, फिर भी अंतिम निर्णय मानवीय विवेक और दूरदर्शिता पर आधारित होना चाहिए। साथ ही उन्होंने सलाह दी, एआई का उपयोग मजबूत नैतिक चिंतन और उत्तरदायी व्यवहार के साथ किया जाए ताकि नवाचार समाज के व्यापक हित में हो। प्रो. जैन ने कहा, स्पष्टता, सहयोग और विश्वसनीयता को सफल एआई-आधारित उद्यमों की आधारशिला है। सफलता को धैर्य और लचीलापन महत्वपूर्ण: डॉ. सिद्धार्थ जैन मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के डॉ. सिद्धार्थ जैन ने कहा, स्टार्टअप्स की स्थिरता के लिए रणनीतिक योजना, जोखिम आकलन और संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन अनिवार्य हैं। उद्यमिता में तनाव प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रो. जैन ने कहा कि अनिश्चितताओं और दबाव के बीच संतुलित निर्णय, धैर्य और लचीला. पन दीर्घकालिक सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप के लिए निरंतर सीखने, प्रतिक्रिया स्वीकार करने और स्वयं को अनुकूलित करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। सजग, सतर्क और अवसरों के प्रति रहें जागरूक: सीए अभिनव अग्रवाल मुरादाबाद के सीनियर सीए एवम् एंटरप्रिन्योर श्री अभिनव अग्रवाल ने कहा, व्यक्तिगत खुशी और कार्य संतोष के बिना सफलता अधूरी है, इसलिए कैरियर विकास का सामंजस्य व्यक्तिगत कल्याण से होना चाहिए। उन्होंने उद्यमियों और पेशेवरों को सदैव सजग, सतर्क और अवसरों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी ताकि वे जोखिमों से बचते हुए नए अवसरों की पहचान कर सकें। सीए अग्रवाल ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस- जेम पोर्टल पर पंजीकरण की विस्तृत प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता और अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं को विस्तार से समझाया। टीएमयू के वीसी बोले, कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक उपकरण टीएमयू के वीसी एवम् आईएसटीडी मुरादाबाद चौप्टर के अध्यक्ष प्रो. वीके जैन ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक उपकरण है, अंतिम निर्णय मनुष्य को ही लेना है।

उन्होंने प्रभावी नेतृत्व, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण एवम् सतत सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। संस्थागत सहयोग और अवसर पर बोलते हुए प्रो. अमित कंसल ने आइएसटीडी की भूमिका और टीएमयू के उद्यम प्रोत्साहन केंद्र की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा, स्टुडेंट्स अवसरों का लाभ उठाएं। नवाचार आधारित उद्यमिता सतत विकास की कुंजी: प्रो. विपिन जैन टिमिट के निदेशक एवम् आईएसटीडी मुरादाबाद के सचिव प्रो. विपिन जैन ने कहा, उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नवाचार आधारित उद्यमिता ही सतत विकास की कुंजी है। उन्होंने स्टुडेंट्स को शोध, कौशल एवम् व्यावहारिक ज्ञान के समन्वय से आत्मनिर्भर बनने का मंत्र दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफल उद्यमिता का मूल आधार उत्पादों, सेवाओं, प्रक्रियाओं और व्यवसाय मॉडल में निरंतर नवाचार है।




स्टार्टअप प्रारंभ करने से पूर्व उद्यमियों को बाजार की वास्तविकताओं, उपभोक्ता आवश्यकताओं, प्रतिस्पर्धा और वित्तीय व्यवहार्यता का गहन विश्लेषण करना चाहिए। राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डॉ. चंचल चावला, डॉ. सतेन्द्र आर्य, डॉ. विभोर जैन, डॉ. मोहित रस्तोगी, डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. चारुल वर्मा, श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती अंशु चौहान आदि की मौजूदगी रही।

## एक नजर

### एसबी चिल्ड्रन एकेडमी में विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित




**कांठ( शाह टाइम्स )** एस वी चिल्ड्रन एकेडमी कांठ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य दैनिक जीवन में वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना है। यह दिन छात्र-छात्राओं को विज्ञान अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के साइंस प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर गौरव कुमार बिश्नोई स्कूल प्रिंसिपल रविंद्र पवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, मनचला पकड़कर पुलिस को सौंपा कार्यवाही की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों व स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर डायल 112 पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर के एक मोहल्ले की नाबालिग छात्रा घर से अध्ययन सामग्री लेने जा रही थी। आरोप है कि पोस्ट ऑफिस के पास एक युवक ने उसे रोककर अश्लील व भद्दी टिप्पणियां कीं और जबरन उसका हाथ पकड़ लिया। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और छात्रा को छुड़ाया। राहगीरों ने परि. जनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़कर 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। इसी बीच आरोपी ने धक्का देकर कार्रवाई करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

लेकिन लोगों ने उसे नहीं जाने दिया। बताया जाता है कि डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर आरोपी पास के एक मकान में घुस गया, जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। घटना के बाद छात्रा सहमी हुई बताई जा रही है। परिजनों ने आरोपी दीपक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बस खड़ी करने को लेकर विवाद, परिचालक से टैम्पू चालकों ने की मारपीट तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** तिकोनिया बस स्टैंड पर शनिवार सुबह बस खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक निजी बस परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 17 निवासी मो. फारूख पुत्र युनुस काशीपुर-मुरादाबाद रोड पर चलने वाली एक निजी बस में परिच. ालक हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह करीब 9.10 बजे उनकी बस मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा पहुंची। बस खड़ी करने के स्थान पर पहले से एक टैम्पू खड़ा था। फारूख का कहना है कि जब उन्होंने टैम्पू चालक से वाहन थोड़ा आगे-पीछे करने को कहा तो वह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने अपने कुछ साथियों को भी बुला लिया, जिन्होंने मिलकर उनके साथ हाथापाई की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। मो. फारूख ने कोतवाली में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 'बोरिंग की कुइया में मिली युवती की लाश, बाद में हुई सबरीन उर्फ समरीन के रूप में शिनाख्त'

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम बागी गोवर्धनपुर के जंगल में स्थित एक खेत की बोरिंग की गहरी कुइया में शुक्रवार सुबह अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह करीब 11



बजे खेत में काम कर रहे बच्चों ने कुइया में शव देखा और इसकी सूचना गांव निवासी भूप सिंह को दी। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान धीरेंद्र सिंह ने पुलिस को अवगत कराया, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिसपर एसपी ग्रामीण कुंवर आक. ाश सिंह और क्षेत्राधिकारी बिलारी अशोक कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने शव को कुइया से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक आशंका जताई गई कि युवती की हत्या कर शव कुइया में फेंका गया हो सकता है। दो दिन बाद मृतका की शिनाख्त सबरिन उर्फ समरीन पुत्री बाबू निवासी ग्राम कमालपुर उर्फ काफरपुर थाना असमोली के रूप में हुई। बताया गया कि युवती गुरुवार से घर से लापता थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों के अनुसार मृतका के पिता बाबू भट्ठे पर चौकीदार हैं और उस रात ड्यूटी पर थे। घर में मां परवीन, बहन तरन्नुम, भाई अजीम, अब्दुल और दो वर्षीय भांजी मौजूद थे। पिता बाबू ने बताया कि जब वह सेहरी के समय सुबह घर पहुंचे तो दरवाजा खुला मिला और परिवार के सदस्य गहरी नींद जैसी अवस्था में थे, जबकि बेटी सबरीन घर पर नहीं थी। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

### रंग, गुलाल और पिचकारियां खरीदने के लिए बाजारो में उमड़ी भीड़

**ठाकुरद्वारा।** होली के त्यौहार को लेकर नगर व देहात क्षेत्र में गुलाल और रंगो से दुकानें सजी रही। पूरे दिन दुकानों पर रंग और गुलाल खरीदने वालो की भीड़ जुट रही। नगर व देहात क्षेत्र में परामगत तरीके से बुधवार को होली का त्यौहार बनाया जाएगा। होली पर लोग भाईचारा कायम रखते हुए एक दूसरे के रंग लगाते है। इसी परम्परा बनाए रखने के लिए सोमवार को बाजारों रंग और गुलाल, पिचकारियां आदि सामान की खरीदारी के लिए ग्राहको की भीड़ जुटी रही। पूरे दिन रंगो की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ से बाजार गुले गुलजार रहे। लोग सजी दुकानो से रंग , मुखोटे, पिंचकारियां खरीदते नजर आए। एकादशी के बाद लोगो ने बाजारो की ओर रूख कर लिया है।

### समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव ने बिलारी में कराया भंडारा

**बिलारी।** क्षेत्र में सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव बिलारी द्वारा कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर मनोज यादव, अनिल कुमार यादव, अनुज यादव, विनय कुमार, देवा यादव, बिशंबर सिंह और विजय पाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग किया। लोगों ने अनुशासनपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की। स्थानीय लोगों ने इसे समाज को जोड़ने वाला सकारात्मक कदम बताया।

# 200 करोड़ की फर्जी बिल ट्रेडिंग के मामले में एसआईटी ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शनिवार को अपराध शाखा एसआईटी ने करीब 200 करोड़ रुपये की फर्जी बिल ट्रेडिंग कर करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित एसआईटी टीम ने की।पुलिस के अनुसार, राज्य कर विभाग के प्रधान सहायक आदित्य प्रताप सिंह की तहरीर पर थाना सिविल लाइंस में एक फर्म द्वारा 1.20 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एसआईटी ने मुख्य आरोपी पुनित पुत्र विशम्बर सिंह निवासी आगरा को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2019 में दिल्ली में नौकरी करता था। वहीं उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने उसकी पत्नी के नाम से फर्म बनाकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया। बाद में आरोपी ने फर्जी फर्मों के जरिए बिना माल सप्लाई किए केवल बिल अपलोड कर आईटीसी इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल की और रकम विभिन्न खातों में घुमाकर नकद निकाल ली। आरोपी ने कबूल किया कि उसने कई फर्मों के माध्यम से करोड़ों रुपये का लेनदेन किया। कुल बिल ट्रेडिंग लगभग 200 करोड़ रुपये के आसपास होने की बात सामने आई है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 11 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 29 चेक बुक, कई आधार-पैन कार्ड, सिम कार्ड, मुहरें, लैपटॉप, पीसी, टैक्स इनवॉइस, किरायानामा सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। साथ ही बैंक खाते में 6 लाख रुपये सीज किए गए हैं।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विवेक यादव, हेड कांस्टेबल प्रशांत व अरुण प्रताप सिंह शामिल रहे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।



# गोमांस तस्करी के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे



**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पाकबड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गौमांस की तस्करी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, 25 फरवरी को चेकिंग के दौरान पुलिस ने लाल रंग की ब्रेजा कार को रोका। तलाशी लेने पर कार से करीब 9 कुंटल गौमांस बरामद हुआ। वाहन में सवार दो आरोपियों मुदस्सिर कुरैशी और दाऊद कुरैशी को मौके से गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, छह कारतूस तथा दो-दो फर्जी आधार कार्ड भी बरामद हुए।इस संबंध में थाना पाकबड़ा पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूरे प्रकरण में अशफाक उर्फ भूरा, वसीम उर्फ मामा सहित कुल चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। अब पुलिस ने वांछित आरोपी वसीम उर्फ मामा पुत्र हनीफ निवासी ग्राम बरगैन, थाना पटियाली, जनपद कासगंज को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पुलिस टीम अशफाक उर्फ भूरा निवासी ब्रह्मपुरी, उस्मानपुर दिल्ली की तलाश में जुटी हुई है।


## एक नजर

### ट्यूबवेल में उतरे करंट से सात वर्षीय बच्ची की मौत



**चंदौसी/बनियाठेर।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित इस्माइल नगर में शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। ट्यूबवेल के पाइप में उतरे करंट की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। इस्माइल नगर निवासी सहिद मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। उसकी सात वर्षीय पुत्री नियाजमीन दोपहर करीब 1:30 बजे घर के पास सरिक के खेत के निकट अपने साथियों के साथ खेल रही थी। खेलते समय प्यास लगने पर वह खेत में लगे ट्यूबवेल पर पानी पीने चली गई। बताया जाता है कि ट्यूबवेल के पाइप में करंट आ रहा था। जैसे ही बच्ची ने पाइप को पकड़ा, वह करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### हबीब शाह मियां की दरगाह पर विशाली कुल व इफ्तार, चने का लंगर का किया एहतमाम



**कुंदरकी।** शनिवार को शाह सय्यद हबीब अहमद मियां की दरगाह पर विशाली कुल शरीफ का इफ्तारी और चनों का लंगर का अहतिमाम किया गया। कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के दलपतपुर के रेलवे क्रॉसिंग के निकट हबीब शाह मिया की दरगाह पर 10 वे रोजे पर विशाली कुल का बाद नमाजे असर तथा रोजा इफ्तारी व चनों का लंगर का एहतमाम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शरीक हुए।

### अमर्यादित भाषा के वायरल वीडियो पर एस.एम. कॉलेज प्राचार्य ने जारी किया नोटिस

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. महाविद्यालय में अमर्यादित भाषा के प्रयोग से संबंधित एक वीडियो वायरल होने के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए संबंधित शिक्षिका को नोटिस जारी किया है। एस.एम. महाविद्यालय द्वारा पत्रांक संख्या एसएमसी/793/2025-26 के तहत जारी नोटिस में मामले पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बताया गया कि वायरल वीडियो में महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष के सामने एक शिक्षिका द्वारा सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे महाविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंची है। वीडियो में कथित रूप से 'यह कॉलेज किसी के बाप का नहीं है' जैसे शब्दों का प्रयोग सुनाई दे रहा है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह पहली बार नहीं है, इससे पूर्व 25 अक्टूबर 2024 को परीक्षा भवन में भी इसी प्रकार की अमर्यादित भाषा के प्रयोग का मामला सामने आया था। प्राचार्य ने संबंधित शिक्षिका को नोटिस भेजकर 07 मार्च तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बताया गया कि महाविद्यालय में इस प्रकार की घटनाओं से शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन प्रभावित हो रहा है। महाविद्यालय प्रशासन ने अनुशासन बनाए रखने और शैक्षणिक वातावरण को सुचारु रखने पर जोर दिया है।

### अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने जमकर खेली होली उड़ाया, अबीर गुलाल



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील सभागार में आज होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें अधिवक्ताओं और अधिकारियों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर करीब 1:00 बजे किया गया जिसमें अधिकारियों कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने होली की एक दूसरे को बधाई दी और होली के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली पर्व सेलिब्रेट किया। इस मौके पर एसडीएम संत दास पवार तहसीलदार राजकुमार सिंह तहसील बार के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा महासचिव दीपक बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में इंस्पेक्टर और नायव तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

**कांठ( शाह टाइम्स )।** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज क्षेत्र के थाना छजलेट और कांठ थाने में किया गया जिसमें इंस्पेक्टर सुदेश पाल सिंह और नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा ने लोगों की शिकायतों को सुना उन्होंने आई शिकायतों का समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कानून गो और लेखपाल मौजूद रहे।



## प्रेम विवाह कर पहुंची थाने पुलिस से मांगी सुरक्षा

**कांठ( शाह टाइम्स )।** प्रेम विवाह करने के पश्चात लड़की पति को साथ लेकर स्वयं थाने पहुंच गई और परिजनों से खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव की लड़की का थाना कांठ क्षेत्र के गांव के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था 2 दिन पहले दोनों ने बिना परिवार वालों को बताएं आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।

आज पति-पत्नी थाना छजलैट पहुंचे और पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए लड़की ने अपने परिजनों से खुद को और पति को खतरा बताया विवाहिता का कहना था कि पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। प्रेमी युगल एक ही समुदाय के बताए जा रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की ओर से होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की मुरादाबाद जिला इकाई के तत्वावधान में एवं भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए और आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ होली पर्व की खुशियां साझा कीं।समारोह के दौरान सभी ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और होली की अग्रिम बधाई दी। रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और उल्लासपूर्ण वातावरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। वक्ताओं ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को आपसी भाईचारे, सद्भाव और एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों ने होली के पारंपरिक एवं फिल्मी गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित कर्मचारियों ने भी गीत-संगीत का आनंद लिया और उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द को मजबूत करते हैं। समारोह सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



## आरएस नैन मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने मनाई होली



**कांठ( शाह टाइम्स )।** नगर स्थित आर एस नैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए जमकर मस्ती की। कार्यक्रम के शुभारंभ में राघवेंद्र सिंह नैन ने बताया कि सिर्फ होली ही एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं तथा अपने पुराने गिले-शिकवे मिटाकर एक दूसरे को गुलाल लगाते हैं और सौहार्द की मिसाल कायम करते हैं। कार्यक्रम का लुफ्त उठाते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। आराध्या,नेहा ,माही, सृष्टि, गौरव,दिशांत , मानवी, उज्ज्वल, प्रिंस,अनामिका आदि छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। शिक्षकों ने बच्चों को सावधानी से रंग खेलने की हिदायत देते हुए केमिकल रंगों का उपयोग न करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रबंधक डॉ विनीत नैन ने सभी से होली का पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। अंत में अध्यक्षा चंचल नैन ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर वंश, मीनाक्षी के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# चार माह से वेतन न मिलने पर एसएम कॉलेज के सहायक प्रोफेसरों का प्रदर्शन

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. कॉलेज में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत सहायक प्रोफेसरों को पिछले चार माह से वेतन न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। होली जैसे पवित्र त्यौहार के नजदीक आने के बावजूद वेतन न मिलने से शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

बताया गया कि स्ववित्त पोषित कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक नियमित रूप से अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। नेट, जेआरएफ और पीएचडी जैसी उच्च योग्यताएं हासिल करने के बाद भी शिक्षकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन न मिलने के कारण बाजार में भी उन्हें उधार मिलना बंद हो गया है, जिससे उनकी दैनिक जरूरतें पूरी करना कठिन हो रहा है। शिक्षकों द्वारा पिछले एक सप्ताह से लगातार वेतन भुगतान की मांग की जा रही थी, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। इससे नाराज होकर शनिवार को सहायक प्रोफेसरों का धैर्य टूट गया और उन्होंने महाविद्यालय के गेट पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने 'हमारी मांगे पूरी करो' और 'हमारा वेतन दो' जैसे नारे लगाकर अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। शिक्षकों का कहना है कि वे पूरी निष्ठा के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे हैं, लेकिन वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। होली के त्यौहार पर जहां अन्य लोग खुशियां मनाने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं एस.एम. कॉलेज के स्ववित्त पोषित कक्षाओं में कार्यरत शिक्षकों की होली इस बार फीकी रहने की संभावना है।




## होली पर्व पर प्रेम शांति इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता, छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**बिलारी।** होली पर्व के उपलक्ष्य में बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक और कलात्मक रंगोलियां बनाई। छात्राओं ने प्राकृतिक रंगों का उपयोग करते हुए अपनी रंगोलियों को सुंदर ढंग से सजाया, शनिवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय प्रांगण रंग-बिरंगी रंगोलियों से सुसज्जित नजर आया। विभिन्न छात्राओं की टीमों ने होली के पारंपरिक और सांस्कृतिक संदेश को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में निशा, काजल, रचना, शीतल, नितल, आरती, गौरी और शिवानी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली हमें बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश देती है। प्रतियोगिता के मूल्यांकन मंडल में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव, सजल राघव और आकांक्षा शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** डींगरपुर विज्ञान दिवस के अवसर पर हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विशेष रूप से बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में रितिका, सिदरा, अफ्फान सहित विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों के नाम उल्लेखनीय रहे। सभी बच्चों ने अपनी-अपनी वैज्ञानिक कला एवं रचनात्मकता का परिचय दिया।



प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रमुख मॉडलों में मिसाइल मॉडल, चंद्रयान मॉडल, ट्रक मॉडल, विंडमिल मॉडल, वाटर टरबाइन मॉडल, एसिड-बेस प्रयोग, हृदय मॉडल, डीएनए मॉडल आदि विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अतिरिक्त बच्चों ने विभिन्न चार्टों के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें प्रकाश संश्लेषण, डॉ. सी. वी. रमन का चित्र, मानव पाचन तंत्र, जल चक्र आदि विषय शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक श्री महमूद जावेद जी, प्रधानाचार्य श्री मशहूर अहमद जी, मुख्य अतिथि कुंदरकी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री गुलाम रब्बानी जी एवं डिंगरपुर चौकी प्रभारी श्री राजनाथ सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विद्यालय के शिक्षकों में मोहम्मद वसीम, शहनवाज हुसैन, हिमांशु शर्मा, प्रतीक भटनागर, जेबा परवीन, अनुषा परवीन, मायरा परवीन सहित समस्त शिक्षकगणों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक महोदय एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना को विकसित करती हैं।

यह प्रदर्शनी विद्यालय के लिए गर्व का विषय रही और सभी ने इसकी प्रशंसा की।

# किड्स वैली प्ले स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों ने धूमधाम के साथ मनाया होली का त्यौहार

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित सम्राट अशोक नगर में संचालित किड्स वैली प्ले स्कूल में होली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगी ड्रेस पहनकर स्कूल पहुंचे और पूरे परिसर में खुशियों की फुहार छा गई।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। स्कूल परिसर को आकर्षक रंगों, गुब्बारों और होली से संबंधित सजावट से सजाया गया था। शिक्षिकाओं ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में सरल और रोचक ढंग से बताया तथा सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया।नन्हे बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। बच्चों की मासूम मुस्कान और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर टीचरों ने बच्चों को मिठाई वितरित की और आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया।स्कूल की प्रिंसिपल पूजा सिंह ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में भारतीय त्योहारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और उनमें सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने सभी अभिभावकों और बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और खुशहाल पर्व मनाने की अपील की।



हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

## मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



ग्यारहवां रोजा वक्त इफ्तार 01 फरवरी शाम 6:20

बारहवां रोजा वक्त सहरी 02 मार्च सुबह 5:17


मुकद्दस रमजान की बधाई

डॉ. मनोज वर्मा

वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम

स्टेशन रोड, स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद गाजी

पूर्व विधायक

बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र




# अफजलगढ़ में किन्नरों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** होली पर बधाई मांगने गए किन्नरों व स्कूटी शोरूम स्वामी व कर्मियों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया। देखते ही देखते जमकर लाठी-डंडे चल गए, जिसमें दो किन्नर घायल हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस झगड़े से अफरा-तफरी मच गई। किन्नर करिश्मा ने बताया कि आज अपराह्न होली के चलते धामपुर मार्ग स्थित ग्रीन इलेक्ट्रीशियन स्कूटी शोरूम पर किन्नर होली बधाई मांगने पहुंचे थे। शोरूम स्वामी किन्नरों को पचास रुपए देने लगा। वह सौ रुपए लेन की जिद करने लगे। दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया, जो मारपीट में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए। किन्नरों पर जोरदार हमला बोला गया। जिसमें दो किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। किन्नर जान बचा कर भागने लगे।



### पचास रुपए को लेकर खोया आपा

सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और घायल किन्नरों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राठी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने तो कुछ चर्चित लोगों द्वारा फीलगुड कर दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** काशीपुर नेशनल हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और कई पलटी खाकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया।

जसपुर क्षेत्र के ग्राम पतरामपुर निवासी प्रदीप कुमार चौहान (35 वर्ष) पुत्र वीर सिंह चौहान बीती रात कालागढ़ से जसपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रेहड़ बस स्टैंड पर उनकी कार अनियंत्रित होकर हाईवे के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार चालक प्रदीप कुमार चौहान बाल-बाल बच गया और आसपास किसी वाहन और



राहगीर के न होने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

## हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**रेहड़।** वादीगढ़-सुआवाला मार्ग पर ग्राम भगतावाला में साइकिल व बाइक से आगे पीछे चल रहे पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें पिता की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक सवार पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी रेजराम सिंह (60 वर्ष) पुत्र बुद्ध सिंह साइकिल से अपनी विवाहित पुत्री शीला के घर ग्राम सिरियावाली गया था। जबकि शाम के समय उसका पुत्र सतीश कुमार बाइक से ग्राम हसनपुर बस स्टैंड पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेने गया था। वापस लौटते समय शाम को रेजराम सिंह की हसनपुर बस स्टैंड पर अपने पुत्र सतीश से भेंट हो गई। अंधेरा होने के कारण हसनपुर बस स्टैंड से सतीश अपने पिता की साइकिल को पीछे से बाइक की लाइट दिखाते हुए चलने लगा। आगे-पीछे चलते हुए शाम सात बजे जैसे ही वह अपने ग्राम भगतावाला के निकट राजू कश्यप की दुकान के सामने पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने रेजराम की साइकिल और उसके पुत्र सतीश की बाइक में सामने से टक्कर मार दी, जिसमें रेजराम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और सतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सतीश को काशीपुर स्थित सहोता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेजराम की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी भागवती देवी, तीन पुत्रों व दो पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया है। इनमें दो पुत्रों व एक पुत्री विवाहित है जबकि एक पुत्र व एक पुत्री अविवाहित है।

# भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार : सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सपा विधायक राम अवतार सैनी ने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वह एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हुए त्यौहार मनाए।

उन्होंने भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि शांति व सद्भाव ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि रमजान का पाक महीना चल रहा है। मुसलमान अल्लाह की खुब इबादत करें। गरीबों व बेसहारों की दिल से मदद करें। रमजान के पाक महीने में जो गरीबों की मदद करता है, अल्लाह उसकी मदद करता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी रमजान व होली एक साथ है। सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे के त्यौहारों का मान -सम्मान करते हुए आपस में सहयोग करना होगा। एक-दूसरे के त्यौहारों को भाईचारे के साथ मिल जुलकर मनाना है। एक-दूसरे का मान सम्मान करने की जरूरत है। एक-दूसरे का सहयोग करें। ऐसा कोई भी काम न करें, जिससे किसी की भावनाओं को तकलीफ पहुंचें। उन्होंने कहा कि होली के रंग दौरान घरों में रहना बेहतर रहेगा। बल्कि उन रास्तों से बचने की कोशिश करें, जहां पर रंग खेला जा रहा हो। अपने घरों की महिलाओं व बच्चों को भी उस दिन घरों से बाहर न जाने दें। उन्होंने



### एक-दूसरे की भावनाओं का रखें पूरा ख्याल

कहा कि रमजान के पवित्र महीने में अपने-अपने मौहल्लों की मस्जिदों में नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि होली के त्यौहार का मान सम्मान करें। उन्होंने हिन्दुओं से कहा कि वह किसी को भी बेवजह परेशान न करें। उनकी भावनाओं का ख्याल रखें। त्यौहारों को अमन शांति से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। कोई भी किसी तरह की अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि नूरपुर क्षेत्र के भाईचारे की मिसाल पूरे जिले में दी जाती है। इस भाईचारे को ऐसा ही बना रहने देना है। एक-दूसरे की छोटी मोटी बातों को नजरंदाज करने की जरूरत है।

## बलात्कारी शिक्षक अंशुल गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** दो मासूम छात्राओं के साथ बलात्कार करने वाले अध्यापक अंशुल कुमार पुत्र शंकर सिंह निवासी मौहल्ला जाब्तागंज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वादी ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर थाना पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था।


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद




अजमल उमर एड.

वरिष्ठ समाजसेवी

पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा

नगर पंचायत, मण्डावर



रमजान माह की शुभकामनाएं

रामअवतार सैनी

सपा विधायक

नूरपुर विधानसभा क्षेत्र

जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

राशिद हुसैन

पूर्व जिलाध्यक्ष

समाजवादी पार्टी

जनपद-बिजनौर

पूर्व चेयरमैन, झालू



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

जावेद रहमान शम्सी

मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद

इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. इमरान समी कुरैशी

ग्राम प्रधान

कोतवाली देहात

जनपद बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

साजिद कुरैशी

प्रधान पद के भावी उम्मीदवार

ग्राम करौंदा मुस्लिम,

कोतवाली देहात



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

कपिल कुमार

जिला पंचायत सदस्य

पूर्व प्रत्याशी-19

बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र

समाजवादी पार्टी



मुकद्दस रमजान की बधाई

विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत

जिला योजना समिति बिजनौर

मुरादाबाद मंडल महासचिव

आजाद समाज पार्टी कांशीराम



संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी मौ. इलियास

पूर्व लोकसभा प्रभारी

बसपा, मुरादाबाद

निवास-स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. साईम राजा

मैनेजर

मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

अब्दुल मन्नान

चेयरमैन

नगर पालिका

किरतपुर



रमजान माह की शुभकामनाएं

चौधरी रवि कुमार सिंह

चेयरमैन

नगर पालिका, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी अब्दुल कादिर

वरिष्ठ समाजसेवी

नहटौर



रमजान माह की बधाई

मूलचन्द चौहान

पूर्व मंत्री

उत्तर प्रदेश सरकार



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

नजीबुल हसन

युवा सपा नेता

मुस्लिम चौधरियान

स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद जैद रशीद

युवा समाजसेवी, नहटौर

अनस इकरार

चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

एम.आर पाशा

राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन

ब्रांड एंबेसडर

लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

वहाब कुरैशी

उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन

नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मनोज पारस

सपा विधायक

नगीना

विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. आसिफ शान

चेयरमैन

नगर पंचायत, मण्डावर



# पैदल मार्च कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाने के साथ ही पुलिस को शराब की तस्करी को भी रोकना होगा। पुलिस ने बबराला में फ्लैगमार्च किया। होली पर्व पर किसी भी अनहोनी को रोकने के साथ गैर जनपद से तस्करी करके लाई जाने वाली शराब पर अंकुश लगाने की चुनौती पुलिस के सामने होगी। पुलिस ने बबराला इंदिरा चौक, रेलवे रोड, स्टेशन रोड पर फ्लैगमार्च किया। जबकि गुन्नौर के सदर बाजार से नेहरू चौक तक पैदल मार्च किया।क्षेत्र में होली के स्थान की सुरक्षा का जिम्मा भी पुलिस के हवाले है। अराजक तत्व इसके साथ छेड़-छाड़ न कर पायें, इस पर भी पैनी नजर रखनी होगी। होली पर्व पर शराब की आमद बढ़ जाती है। शराब के नशे में लोग उपद्रव कर बैठते हैं। पुरानी रंजिश निकालने की कोशिश होती है ।आपसी भाईचारे का त्योहार खराब कर दिया जाता है। पुलिस अधिकारियों ने थाना पुलिस को क्षेत्र में उपद्रवियों पर पैनी नजर रखकर शांति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। गुन्नौर कोतवाल राजीव मलिक व बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि होली पर चौपई के समय पुलिस मौजूद रहेगी। पुलिस अभिरक्षा में जवान तैनात किए जाएंगे। होली पर व्यवस्था चाक चौबन्द रहेगी। सभी पर पैनी नजर रहेगी। पुलिस ने बबराला में फ्लैगमार्च किया।

**0त्योहार पर शांति व्यवस्था कायम रखना चुनौती**

## ऑटो लिफ्टर को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के पहाड़ गंज थाने ने एक ऑटो लिफ्टर को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 25 जनवरी को पहाड़ गंज थाने के तहत एक ई एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत करनेवाले ने बताया कि उसकी बाइक राहुल गेस्ट हाउस, पहाड़गंज, के पास बसंत रोड से खड़ी बाइक गायब हो गई थी।






सम्भल। धनारी फार्म हाउस पर किसान गोष्ठी को सम्बोधित करते राष्ट्रीय परिवर्तन दल के अध्यक्ष डीपी यादव एवं गोष्ठी में मौजूद अपार भीड़। शाह टाइम्स

# राजनीति दुश्मनी का क्षेत्र नहीं: डीपी यादव

**0किसान गोष्ठी में उमड़े सैलाब की मौजूदगी में 2027 की राजनीति का किया आगाज़, उमड़ी भीड़ ने भरा जोश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद डी पी यादव ने 2027 की राजनीति का आगाज कर दिया है। चुनाव से पूर्व जनता की नब्ज टटोलने का आयोजित की गई किसान गोष्ठी में उमड़े सैलाब पर चुनाव कहां से लड़ना है फैसला उन पर छोड़ा।

लम्बे समय से राजनैतिक गतिविधियों से दूर पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद डी पी यादव के आहवान पर धनारी फार्म हाउस पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिले भर से उमड़े किसानों और सर्मथकों की नब्ज टटोली। 2027 के विस चुनाव से पूर्व आयोजित किसान गोष्ठी में पंचायत चुनाव को लेकर भी अपनी स्थिति स्पष्ट की तथा 2027 में होने वाले विस चुनावों में सैकडत्रें प्रत्याशी प्रदेश में उतारने का भी एलान किया। गठबंधन अथवा अकेले लड़ने के फैसले पर उन्होने कहा कि इसका निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी करेगी। जबकि वह कहां से चुनाव मैदान में उतरेंगे इसका खुलासा करते हुए उन्होने कहा कि मैने कभी जनता से विद्रोह नहीं किया है। जनता जहां से कहेगी में वहीं से चुनाव मैदान में उतरूंगा। अब तक राजनीति से दूर रहने के सवाल पर उन्होने कहा कि वह भी राजनीति से दूर नहीं रहे। उनके ग्राम प्रधान, ब्लझॅक प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य आज भी है। लेकिन इसी के साथ जन जागरण अभियान की ज़रूरत पर भी बल दिया। उन्होने कहा कि उनका यह अभियान गैर बराबरी, समाज को तोड़ने और एक दूसरे को नीचा दिखाने वाली प्रवृतियों के विरूद्व है,क्योंकि यह देश की संस्कृति नहीं है। उन्होने कहा कि उनका पूरा ध्यान मजदूरों और किसानों की बेहतरी के लिए काम करना तथा युवाओं को रोजगार मिले एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा तथा भेदभाव की राजनीति खत्म हो और समतामूलक समाल स्थापित करने पर केन्द्रीत है। स्वामी अविमुक्तेवरानंद के नाम लिये बिना उन्होने कहा कि महापुरूषों और धर्मगुरूआरें पर शक्ति का दुरूपयोग न हो। जबकि गलत पर कार्रवाई होना भी कहा। इसी के साथ फैसला सही स्तर पर लिये जाने पर भी ज़ोर दिया। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर उन्होने कहा कि किसी जाति के स्वाभिमान को ऊँचा-नीचा दिखाना और समाज को तोड़ने का नहीं बल्कि आपसी भाईचारा बनाने का काम हर स्थान पर होना चाहिए। उन्होने किसी पार्टी से कोई दुश्मनी होने से इंकार किया। कहा कि सपा नेता शिवपाल यादव आज भी हमारे पास आते हैं बैठते हें और अखिलेश यादव भी मिलते हैं जबकि बसपा प्रमुख मायावती जी से भी उनकी बात होती है। इसमें कोई बात नहीं है,क्योंकि यह राजनैतिक क्षेत्र है और यह दुश्मनी का क्षेत्र नहीं,बल्कि जो लोग सोचते हैं उन्हे राजनीति आती नहीं अथवा उनकी देश के प्रति भावना ही सही नहीं है। उन्होने कहा कि जो पार्टी देश और समाप के प्रति समर्पित होकर काम करेगी उसी पार्टी के साथ जायेंगे। क्योंकि हमारे खून में स्वतंत्रता सेनानियों के वह आर्दश है जो उनके पिता ने सिखाये उन्ही को लेकर वह पहले भी राजनैतिक क्षेत्र में हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होने कहा कि उनके साथ सभी जाति धर्म के लोग है। मगर जो समाज पीछे है उसे आगे लाने की ताकत मिलनी ही चाहिये। शिक्षा, खेती और आर्थिक मामले में सभी को समान अवसर मिलने पर ज़ोर देते हुए उन्होने इसी से समाज को मजबूती मिलने की बात कही। इस दौरान अरूण यादव, यतेन्द्र वर्मा, रूप किशोर यादव, डा. जितेन्द्र यादव, गगन यादव, विक्रांत यादव आदि मौजूद रहे। संचालन अश्फाक भारती ने किया।

# त्यौहार पर नई परम्परा नहीं सौहार्द का दें संदेश:डीएम

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** आगामी त्योहारों, होलिका दहन, होली, रमजान, आदि को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और भ्रामक पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने पीस कमेटी के सदस्यों से होलिका दहन स्थलों को लेकर कोई विवाद,अतिक्रमण तथा रास्ता खराब, ढीले एवं नीचे तथा जर्जर तार तो नहीं है उसकी जानकारी ली। उन्होने कहा कि होलिका दहन स्थल पर लेखपाल एवं ग्राम सचिव जाकर निरीक्षण कर लें कहीं कोई व्यवधान तो नहीं है। होली के पर्व पर अवैध शराब की बिक्री ना हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा अगर कहीं अवैध शराब की शिकायत प्राप्त हो तो उसकी तत्काल सूचना जिला आबकारी अधिकारी या संबंधित थाने को दें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेंस तथा दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। धर्मगुरु मुफ्ती अलाउद्दीन काजी ए शहर ने कहा कि अमन और शांति से त्योहार मनाये जाएं। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। कमल कांत तिवारी ने कहा कि त्योहार खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं। उन्होंने होली एवं रमजान तथा ईद को लेकर शुभकामनाएँ दीं। संजय पोली ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं ईद का त्यौहार मनाया जाए। धर्मगुरु इमामे इदगाह हाजी जहीरुल इस्लाम एवं तंजीम अशरफ ने भी सम्बोधित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। उन्होने कहा कि अगर कोई अफवाह फैलाता पाया गया उस पर कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। त्योहारों पर कोई भी नयी परम्परा न डाली जाए। पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 64 जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएंगी जनपद में 1215 होलिका दहन स्थल हैं तथा 17 मेले लगेंगे, पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला स्थलों के भ्रमण से संबंधित थानाध्यक्षों से जानकारी लेकर सोशल मीडिया पर भी निगरानी रहेगी तथा कोई भी भ्रामक पोस्ट दिखे तो उसकी तत्काल सूचना दी जाए। अगर कोई भ्रामक पोस्ट करता है तो उस पर कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने अधिकारियों को मौके पर जाकर व्यवस्थाओं को देख लेने और कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारी को देने और कोई नयी परम्परा नहीं डालने के निर्देश देकर सौहार्द का संदेश देने का आहवान किया।

## मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण में 800 लाभार्थी रहे मौजूद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खाद्य एवं रसद विभाग, के तत्वावधान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने को मुख्यमंत्री के लोकभवन सभागार, में नि:शुल्क सिलेण्डर वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। डी. आर. रिसोर्ट नगर बहजोई में चिन्हित कर उक्त योजना का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभान्वित होने वाले लगभग 800 लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अनामिका यादव जिला पंचायत अध्यक्षा, अजीत कुमार उर्फ राजू पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, मंजू दिलेर महिला आयोग सदस्य अनुसूचित जाति, राजेश शंकर उर्फ राजू अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बहजोई, हरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकु जिला अध्यक्ष भा. ज.पा., पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गबंशी, डा. राजेन्द्र पैंसिया जिलाधिकारी सम्भल, प्रदीप वर्मा अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन शिवि गर्ग जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा किया गया। मौजूद लाभार्थियों द्वारा एल.ई.डी. पर मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना।

# जिले में निषेद्याज्ञा 30 अप्रैल तक बढ़ी

**0पांच या उससे अधिक व्यक्ति समूह बनाकर नहीं हो सकेंगे खड़े**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में निषेद्याज्ञा को ओर बढ़ा दिया गया है। आगामी पर्वों पर शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से धारा 163 अप्रेल तक लागू रहेगी।

जनपद में दो मार्च को होलिका दहन किया जाना है जबकि तीन मार्च को होली का पर्व मनाया जायेगा। इसके अलावा 13 मार्च को जुमातुल विदा की नमाज अदा की जायेगी। एवं 23 मार्च को ईदुल फितर और 26 मार्च को रामनवमी तथा 3 अप्रेल को गुड फ्राइडे औश्र पांच अप्रेल को महर्षि कश्यप एवं महाराज निषाद राज गृहय जयंती के अलावा 14 अप्रेल को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती 17 को चन्द्रशेखर जयंती, 19 अप्रेल को भगवान परशुराम जयंती मनायी जाना प्रस्तावित है।इस दौरान कतिपय आसामाजिक तत्वों द्वारा लोक प्रशांति विक्षुब्ध होने की प्रबल आशंका है। जबकि इस अवधि में विज्ञान प्रवेश/प्रतियोगितरात्मक/बोर्ड परीक्षायें आयोजित होना प्रस्तावित हैं। वर्तमान में भारतीय किसान यूनियन के विभिन्न संगठनों की ओर से भी प्रस्तावित धरना प्रर्दशन आदि से शांति व्यवस्था भंग होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिससे कटुता बढ़ने व लोक शांति विद्बुब्ध होने की प्रबल आशंका है। इसलिए जन विरोधी गतिविधियों में शंति व्यवस्था बनाये रखने तथा लोक शांति भंग होने से रोकने को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने निषेद्याज्ञा जारी र,ने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान पांच या उससे अधिक व्यक्ति कोई जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। न ही सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनायेगा और न ही ऐंसे किसी समूह में शामिल होंगे। तत्काल प्रभाव से लागू किया गया।

## एक नज़र इधर भी

### बच्चों का हुआ टीकाकरण

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डीएवी इंटर कालेज गुन्नौर में छोटे बच्चों के लिए चेचक का टीकाकरण किया गया। इसमें 1से 5 साल तक के बच्चों को टीके लगाए गए। यह टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की पहल पर आयोजित किया गया। एएनएम ने कहा कि चेचक एक भयानक बीमारी है। जिससे बचने के लिए टीके लगाए जाते हैं। जिसके अंतर्गत 50 बच्चों को टीकाकरण किया गया है। चेचक उन्मूलन के लिए सभी बच्चों को टीकाकरण में भाग लेना आवश्यक है। इस दौरान शिक्षक रवि शर्मा, संगीता शर्मा आदि रहे।



बबराला-गुन्नौर तहसील में होली खेलते अधिवक्ता।

### गुन्नौर तहसील में अधिवक्ताओं ने खेली गुलाल की होली

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के साथ गुलाल की होली खेली। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। अधिवक्ताओं ने कहा कि होली प्रेम का पर्व है। इसे प्रेमपूर्ण तरीके से मनाये। जिससे कोई आपसी विवाद उत्पन्न न हो। इस दौरान गुन्नौर बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेश यादव, वीरेश, अनुज भारद्वाज, अरविंद कुमार, ब्रह्मराज, अशोक यादव, विजय, भगवान सिंह, योगेन्द्र सिंह आदि रहे।



बबराला- हादसे से गुस्साय लोग जाम लगाने का प्रयास करते।

### जाम की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने किया प्रयास विफल

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** शुक्रवार को आसिम की एक्सीडेंट की घटना के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों द्वारा सड़क पर जाम लगाए जाने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहित चौधरी मौके पर पहुंच गए। स्थिति को गंभीर होता देख पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए हालात को सम्भाला।

जानकारी के अनुसार,एक्सीडेंट विवाद हादसे को लेकर परिजन व ग्रामीण नाराज थे। उन्होंने मुख्य मार्ग पर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। थाना अध्यक्ष ने परिजनों को धैर्य रखने की अपील करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन द्वारा समझाने-बुझाने के बाद परिजन शांत हुए।

### हाई स्कूल व इंटर के 12 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं निरंतर जारी है। शनिवार को हाई स्कूल संस्कृतिक विषय और इंटरमीडिएट के कृषि एवं सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा करायी गई। पहली पारी में आयोजित दोनों विषयों की परीक्षा में हाई सकूल के 256 परीक्षर्ज्ञी पंतजीकृत थे लेकिन इनमें से 248 ने परीक्षा दी जबकि 8 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट के कृषि एवं सैन्य विज्ञान की परीक्षा के लिए 116 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से 112 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 4 ने परीक्षा छोड़ दी।

### एक्सपोर्ट बिजनेस के बहाने की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 1.37 करोड़ रूपये और 80,000 यूएसडी की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मीट एक्सपोर्ट बिजनेस के बहाने पीड़ितों को धोखा दिया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था जिसमें उसने आरोप लगाया था कि आरोपी मोहसिन मोहम्मद (35) ने खुद को दुबई सहित इंटरनेशनल बिजनेस करने वाला एक बड़ा मीट एक्सपोर्टर बताकर धोखे से उनसे बड़ी रकम इन्वेस्ट करवा रहा है।

# बाजारों में होली के पकवानों की खरीदारी बढ़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** होली के पर्व के आते ही बाजारों में रौनक बिखरने लगी है। चारों ओर बजारों में महिलाएं पकवानों की खरीदारी करते नजर आ रही हैं। तो वहीं होली के पर्व को मनाने के लिए युवा भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि महंगाई की मार के चलते हैं महिलाएं पकवानों को कम मात्रा में खरीद रही हैं।बाजारों में रंग बिरंगी चिप्स,कचरी पापड़ सजे हैं।सभी दुकानों पर भारी भीड़ को देखते हुए होली का एहसास होने लगा है।

नगर के रेलवे रोड स्टेशन रोड में दुकानदारों ने महिलाओं रिझाने के लिए रंग बिरंगी चिप्स और पापड़ सजा लिए हैं ।इसके साथ ही चाइनीज आइटम बिक्री के लिए रखे हैं। महिलाओं में भी रसोई के पकवानों की संख्या बढ़ाने की होड़ लगी हुई है और सभी आइटमों को बजट अनुसार खरीद रही है। वही त्यौहार की रौनक लाने वाले पकवान गुझिया एवं अन्य सामान को बनाने के लिए महिलाएं परचून की दुकान से कच्ची सामग्री बूरा ,किशमिश, चावल ,साबूदाना, मेंदा आदि की भी खरीदारी कर रही हैं। मिठाइयों की दुकानों पर खोवे की चाह में गृहस्वामी पहले से ही बुक कर रहे हैं। इसके अलावा बच्चे एवं युवाओं के लिए रंग बिरंगी टोपियां व पिचकारियों की दुकानें सज गई है और युवा बच्चे इनकी खरीदारी में जुटे हुए हैं। जिससे बाजारों में रोनक बनी हुई है।

## पीएम की आपत्तिजनक फोटो साझा करने का आरोपी डाक्टर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रधानमंत्री की फोटो से छेड़-छाड़ कर आपत्तिजनक फोटो स्टेटस पर लगाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 27 फरवरी को सूचना मिली कि न्यू विनायक नर्सिंग होम (कस्बा व थाना बहजोई, कलेक्ट्रेट के पास में कार्यरत डा. इकबाल हुसैन खांडे बहजोई क्षेत्र में एक निजी नर्सिंग होम में कार्यरत है। चिकित्सक को सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामला उस समय सामने आया जब चिकित्सक ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर देश के प्रधानमंत्री की कथित आपत्तिजनक फोटो साझा की। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोप सही पाए जाने पर पुलिस टीम ने चिकित्सक को हिरासत में लिया।

# रंग पिचकारी की बिक्री आरम्भ

**0 इस बार होली का रंग और भी ज्यादा चटख रहने वाला**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** रंगों के पर्व होली में अब कुछ दिन बचे हैं। बाजारों में भी होली की रौनक छाने लगी है। रंग-गुलाल, कपड़े व पिचकारी आदि की खरीदारी के लिए दुकानों पर भीड़ जुटने लगी है। इस होली में गदा, मोदी, हथौड़ा, पुष्पाराज झुकेगा नहीं, त्रिशूल, पिटठू बैग, पेंसिल, तोंता, मुर्गा टैंक वाली पिचकारी और हर्बल गुलाल की खूब डिमांड हो रही है।

अब आगामी होली का त्योहार है और लोगों में अभी से उत्साह नजर आ रहा है। इस बार केमिकल वाले रंगों की बजाय हर्बल गुलाल और टैंक पिचकारियों की मांग तेजी से बढ़ी है। ग्राहकों का रुझान अब त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की ओर बढ़ा है। कार्टून कैरेक्टर, सुपर हीरो और नई-नई डिजाइन की पिचकारी बाजार में उपलब्धा हैं, जिनकी बिक्री जोरों पर है। दुकानदार सतीश कुमार व हर्षित ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले साल की तुलना में बेहतर होने की उम्मीद है। त्योहार की उमंग और बाजार की चहल-पहल से साफ है कि इस बार होली का रंग और भी ज्यादा चटख रहने वाला है।

## हल्दी चुकंदर व अरारोट वाले हर्बल गुलाल पहली पसंद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** हल्दी, चुकंदर व अरारोट वाले हर्बल गुलाल पहली पसंद है। बाजार में इस समय हर्बल गुलाल लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव को देखते हुए हर्बल गुलाल के प्रयोग की बात कर रहे हैं। हल्दी, चुकंदर के रस व अरारोट वाले हर्बल गुलालों की बिक्री ज्यादा हो रही है।

## हिंदुओं को रंग पिचकारी, मुस्लिमों को खजूरें वितरित करेंगे सईद

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखने के लिए हमेशा आग्रणी रहने वाले सपा जिला सचिव इस बार भी गुलाब और गुलाल भेंट करेंगे। जबकि मुस्लिमों को खजूरों का वितरण करेंगे। सपा के जिला सचिव सईद अख्तर इयराईली होली हो या दीवाली, अथवा ईद या फिर राष्ट्रीय पर्व पर उपहारों का वितरण कर साम्प्रदायिक सौहार्द की डोर को ओर भी मजबूत करते चले आर रहे है। हिंदू मुस्लिम एकता कायम रखने को हमेशा आगे रहने वाले सईद अचतर इसराईली रविवार आज हिंदुओं को गुलाब, गुलाल और पिचकारी व मुसलमानों को खूजरें वितरित करेंगे।

# होली के गीतों पर हुआ नृत्य

शाह टाइम्स,संवाददाता



**बबराला।** संस्कार भारती ने होली मिलन के कार्यक्रम का आयोजन किया। नगर बबराला में संस्कार भारती की सदस्य शैली वर्मा के आवास पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें संस्कार भारती के सभी पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया एवं खाटू श्याम भगवान के आगे दीप जलाकर होली मिलन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। होली के कार्यक्रम के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्कार भारती की लोक कला संयोजक मेरठ प्रांत डा. ममता राजपूत रही। विशिष्ट अतिथि संस्कार भारती की सदस्य कविता वार्ष्णेय रही। अन्य अतिथि पूजा गुप्ता गुंजन वार्ष्णेय प्रियंका गुप्ता रही।इस कार्यक्रम में शैली वर्मा ने सभी अतिथियों का चंदन वंदन कर एवं पटका पहनकर सभी का स्वागत किया। दीप जलाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा होली के कार्यक्रम के महत्व को बताया गया। होली के त्यौहार को हम क्यों मनाते हैं। किसलिए मनाते हैं और होली क्यों मनाई जाती है। वही कविता वार्ष्णेय ने होली के इस कार्यक्रम के होने पर उनकी सावधानियां के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण भगवान के भजन एवं होली से संबंधित गीतों पर सभी झूम उठे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में निहारिका वार्ष्णेय, ज्योति वर्मा, कंचन वर्मा पीहू वर्मा, रत्नेश, ममता शर्मा ममता कुमारी, गौरी, शालिनी माही गुप्ता, कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

# त्यौहार आपसी भाईचारे व सौहार्द के प्रतीक

**0पीस कमेटी की बैठक में पर्व शांति और सौहार्दूर्ण वातावरण में मनाने का किया आहवान, किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आहवान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना नखासा परिसर में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं,व्यापारी नेताओं, ग्राम प्रधानों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे,प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होते हैं। इन्हें शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा न करने की भी अपील की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त बढ़ाई जाएगी। डीजे की आवाज,जुलूस मार्ग,नमाज व पूजा स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई,ताकि किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने भी अपने विचार रखते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखना हम सबकी प्राथमिकता है और किसी भी असामाजिक तत्व को माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की।



यरूशलेम। पुराने शहर के ऊपर बाईं ओर हवाई रक्षा मिसाइल अवरोधन के निशान दिखाई देते हुए।



उत्तरी इजरायल। हाइफा के पास तिरत हाकार्मेल में एक इमारत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।





तेल अवीव। इजरायल की ओर दागी गई मिसाइल के बाद चेतावनी सायरन बजने पर आश्रय लेने के लिए दौड़ते लोग।

# कतर से बहरीन तक, अमेरिकी बेस पर कहर बनकर टूटा ईरान

## रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की





**वाशिंगटन।** ईरान पर इजरायल अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद ईरान को पलटवार करते हुए अमेरिका के मददगार देशों पर ड्रोन व मिसाइलों से बड़े हमले किए जिनमें अमेरिकी एयरबेस बुरी तरीके से तबाह हुए। ईरान ने बहरीन समेत कई जगह जबरदस्त अटैक करते हुए बड़ा बदला लिया है।

उसने शनिवार दोपहर बाद से बहरीन, कतर, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, दुबई सहित कई और देशों पर भी हमला करते हुए अमेरिकी नेवलबेस क्षतिग्रस्त कर अमेरिका और इजरायल को चौका दिया। कतर व दुबई पर कई दौर के हमले ईरान की और से हुए जिसमें बड़े नुकसान का अनुमान है। यह पहला मौका है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिकन नेवी बेस पर किसी देश के द्वारा हमला किया गया। ईरान की और से कहा गया है कि हमारी और से बड़ा हमला नहीं किया गया हैं, लेकिन जल्द ही हम बड़ा हमला कर इजरायल और अमेरिका को बैकफुट पर ला देंगे। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने तत्काल हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की है। रूस ने अमेरिका और इजरायल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन गैर-जिम्मेदार कार्रवाई का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए, जो पूरे क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। रूस पहले की तरह अंतर्राष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वहां रह रहे फिलीपीनी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रवासी श्रमिक विभाग को प्रभावित इलाकों में नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्र में करीब 21 लाख फिलिपीनी कामगार मौजूद बताए गए थे। बेल्जियम ने कहा, ईरानी जनता को अपनी सरकार के फैसलों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समधान तक नहीं पहुंच पाए। नार्वे ने कहा कि इजरायल के हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। नार्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा, इजरायल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की। इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वााशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। इंडोनेशिया ने सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी बयान में सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की। अलबुसैदी हमलों से पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्था नहीं कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, सक्रिय और गंभीर वार्ता को एक बार फिर कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका से गुजारिश करता हूं कि वह इसमें और न फंसे। यह आपकी लड़ाई नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी विदेश मंत्री अनीता आनंद ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा, कनाडा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसके शासन को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए और खतरा बनने से रोकने के लिए अमेरिका की कार्रवाई का समर्थन करता है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईरान पर अमेरिकी हमलों का समर्थन करती है। अल्बनीज ने एक बयान में कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और ईरान को अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज पर्रिला ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की आलोचना की।

### यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिमी एशिया छोड़ने की अपील

**वाशिंगटन।** कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है।

### ईरान के पलटवार के बाद पांच देशों में तनाव के बीच एयरस्पेस बंद

**तेहरान।** अमेरिकी और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद अब ईरान ने भी पलटवार करना शुरू कर दिया है। इजरायल के अलावा खाड़ी देशों के कई अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ईरानी हमले तेज हो गए हैं। ईरान ने कुवैत, बहरीन,कतर, सऊदी अरब, और यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया है। ईरान ने कतर के दोहा में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने देश को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। रक्षा मंत्रालय इस बात की पुष्टि करता है कि खतरे का पता चलते ही सुरक्षा योजना के अनुसार उससे तुरंत निपटा गया और कतर की धरती तक पहुंचने से पहले ही सभी मिसाइलों को रोक दिया गया ईरान ने कतर, बहरीन, कुवैत यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। बहरीन ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के 5वें बेड़े के मुख्यालय को मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया है। कतर के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि पैट्रियट रक्षा प्रणाली द्वारा एक ईरानी मिसाइल को रोक दिया गया है।

# रूस और चीन जारी जंग में दखल देंगे!

## अमेरिका व इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे



- ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त अभियान में ईरान पर हमला बोला है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार किया। इतना ही नहीं ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

इनमें जॉर्डन से लेकर कुवैत और सऊदी अरब से बहरीन तक में अमेरिकी बेसेज पर हमले किए गए हैं। पूर्व राजनयिक दिलीप सिन्हा के अनुसार, यह युद्ध इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से टूट चुकी है। शीत युद्ध के समय के विपरीत, अब महाशक्तियां यह मानने लगी हैं कि वे कूटनीति के बजाय युद्ध करके अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल कर सकती हैं, जो कि विश्व के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति है। अमेरिका और इजरायल की ईरान के साथ यह दुश्मनी 1979 के सत्ता परिवर्तन के समय से ही चली आ रही है। पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा के मुताबिक, यह मुकाबला अब फाइट टू द फिनिश बन चुका है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्पष्ट मानना है कि ईरान की वर्तमान सरकार नंबर वन स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की सबसे बड़ी प्रायोजक) है और इस आतंकी और कट्टरपंथी सरकार का जाना अब तय है। दिलीप सिन्हा स्पष्ट करते हैं कि पिछले साल के हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु संस्थानों को नष्ट करना था, लेकिन इस ताजा हमले का एकमात्र और खुला उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना है। अमेरिका और इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं, ताकि ईरान की जनता के भीतर हिम्मत आए और वे स्वयं विद्रोह करके इस सत्ता को पलट दें।

## बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 20 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गई। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए।

# ट्रम्प के रडार पर ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई

## ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू

- हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना



**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके सुने गए हैं और इस हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलों की पुष्टि करते हुए खुलेआम ईरानी नागरिकों से अपनी ही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर दी है। इस पूरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया के नए संकट के केंद्र में सिर्फ एक ही नाम है-ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आइए आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि 86 वर्षीय खामेनेई कौन हैं और वे पश्चिमी देशों की आंखों की किरकिरी क्यों बने हुए हैं। ईरान पर हुए इस ताजा हमले में देश भर के कई इलाकों के साथ-साथ राजधानी तेहरान के उन विशिष्ट क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जो सीधे तौर पर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात मिसाइलें तेहरान के उत्तर में स्थित राष्ट्रपति भवन और खामेनेई के कार्यालयों (कंपाउंड) के पास गिरी हैं। अमेरिका और इजरायल की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य इस्लामी गणराज्य के नेतृत्व को निशाने पर लेना है। हालांकि, हमलों के दौरान खामेनेई तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई एक धर्मगुरु हैं, जो 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) के पद पर काबिज हैं। उन्होंने ईरान के इस्लामी गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद यह पद संभाला था। खुमैनी ने ही 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व किया था, जिसमें अमेरिका समर्थित शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। आज की तारीख में खामेनेई देश के आध्यात्मिक नेता होने के साथ-साथ सरकार, सेना और न्यायपालिका की अंतिम और सर्वोच्च शक्ति अपने पास रखते हैं। अपने शासनकाल के दौरान खामेनेई ने हमेशा पश्चिमी देशों के साथ एक शत्रुतापूर्ण संबंध बनाए रखा है और वे अमेरिका को ईरान का नंबर एक दुश्मन मानते हैं, जिसके ठीक पीछे वे इजरायल को रखते हैं।

# मैक्रों बोले: इजरायल व ईरान तुरंत जंग रोकें



- रूसी विदेश मंत्री ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की, अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर स्पेन की आपत्ति

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता युद्ध दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि हालात बहुत खतरनाक होते जा रहे हैं और इस तनाव को तुरंत रोकना जरूरी है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अपने देश, अपने नागरिकों और मध्य पूर्व में अपने हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। साथ ही, अगर उनके सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उन्हें सुरक्षा देने के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में लावरोव ने अमेरिका और इज़रायल के हमलों की कड़ी निंदा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इन हमलों को बिना उकसावे वाली कार्रवाई बताया। रूस ने तुरंत इन हमलों को रोकने की अपील भी की है। वहीं स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है।

# पाक-अफगान संघर्ष में दावा: 300 की मौत

- 500 लोग घायल हुए
  ट्रम्प बोले: पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा
- पाक का दावा: आतंकी हमलों के पीछे भारत का हाथ

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने 'आपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं।





यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108